हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● बुधवार ● 08.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 167 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# भूकंप से तिब्बत में भारी तबाही, 95 लोगों की हुई मौत, नेपाल की धरती भी डोली

एजेंसी

**शिगाजे :** तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए।

क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक (स्थानीय समयानुसार) 95 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चलाने के लिए हर संभव प्रयास करने के आदेश दिए। शी ने घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया तथा द्वितीयक आपदाओं (भूकंप के बाद संभावित आपदाओं) को रोकने, प्रभावित निवासियों के समुचित पुनर्वास तथा इसके बाद के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। भूकंप के बाद, चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-दो की आपात सेवा प्रतिक्रिया शुरू की तथा आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा।

केंद्रीय प्राधिकारियों ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में करीब 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी है, जिनमें तंबू, कोट, रजाई और फोल्डिंग बिस्तर के साथ-साथ ऊंचाई वाले और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री भी शामिल है। घटनास्थल पर 1,500 से अधिक स्थानीय अग्निशमन कर्मियों और बचावकर्मियों को भी भेजा गया है। शिगाजे को शिगास्ते के नाम से भी जाना जाता है जो भारत की सीमा के करीब है। शिगात्से को तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है। यह पंचेन लामा की पारंपरिक सीट है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म के एक प्रमुख व्यक्ति हैं।



तिब्बत में पंचेन लामा, आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के बाद दूसरे नंबर की हैसियत रखते हैं। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो कस्बे में स्थित था, जहां 20 किलोमीटर की परिधि में लगभग 6,900 लोगों की आबादी रहती है। इस क्षेत्र में 27 गांव हैं।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डिंगरी काउंटी की आबादी 61,000 से अधिक है। समाचार एजेंसी ने चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से खबर दी कि भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से के 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया।

अपने संदेश में शी ने कहा कि भूकंप की निगरानी और आपदा पूर्व चेतावनी को मजबूत करना, आपातकालीन बचाव आपूर्ति की तुरंत व्यवस्था करना, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत में तेजी लाना, यह सुनिश्चित करना कि निवासियों की बुनियादी जरूरतें पूरी हों और सभी के लिए ठंड से सुरक्षा एवं ठंड से बचाव के उपाय (अलाव, हीटर आदि) आवश्यक हैं।

चीन तिब्बत को शिजांग कहता है, जो हिमालय क्षेत्र का हिस्सा है।

तिब्बती पठार को शक्तिशाली भूकंप संभावित क्षेत्र माना जाता है, क्योंकि यह उस स्थान पर स्थित है जहां टेक्टोनिक यूरेशियन और भारतीय प्लेटें मिलती हैं और अक्सर अत्यधिक बल के साथ टकराती हैं। नेपाल में 2015 में आए 8.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में शिगास्ते को भी काफी नुकसान पहुंचा था। 2015 में नेपाल और हिमालय क्षेत्र में आए 8.1 तीव्रता के भीषण भूकंप में शिगास्ते क्षेत्र में 18 लोग मारे गए थे और 55 घायल हुए थे।

इस बीच, नेपाल में आए शक्तिशाली भूकंप के कारण लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का असर काभ्रेपलान्चोक, सिंधुपालचोक, धाडिंग और सोलुखुंबु जिलों में भी महसूस किया गया।

काठमांडू में भूकंप से घबराए लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कुछ समय तक सड़कों के किनारे लगे पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि भूकंप के कारण अब तक उन्हें किसी बड़े नुकसान या मानवीय क्षति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

शंखुवासभा जिला प्रशासनिक कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण जिले के किमाथांका ग्रामीण नगर पालिका में पत्थर से बनी दो मंजिला इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिश्व अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तीव्र झटके महसूस किए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह सात बजे के आसपास एक घंटे के भीतर कम से कम छह बार चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के झटके दर्ज किए गए।

## एक नजर

### केरल में माकपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में 9 आरएसएस कार्यकर्ताओं को उम्रकैद

**कन्नूर :** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में 19 साल पहले माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में थलस्सेरी की एक अदालत ने मंगलवार को आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को उम्रकैद की सजा सुनाई। क्षेत्र में दो दलों में राजनीतिक तनाव के बीच तीन अक्टूबर, 2005 को कन्नपुरम चुंडा के माकपा सदस्य (25) रिजिथ शंकरन पर एक मंदिर के पास हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अभियोजन के अनुसार, रिजिथ जब अपने कुछ मित्रों के साथ घर जा रहा था, उसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। हथियारों से लैस आरोपियों ने घात लगाकर एक कुएं के पास उन पर हमला किया। हमले में उसके तीन दोस्त भी घायल हो गए थे। थलस्सेरी की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने चार जनवरी को आरोपियों को दोषी ठहराया। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे, जिनमें से एक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दोषियों में सुधाकरन (57), जयेश (41), रंजीत (44), अजीन्द्रन (51), अनिलकुमार (52), राजेश (46), श्रीकांत (47), श्रीजीत (43) और भास्करन (67) शामिल हैं। अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया, जिनमें हत्या (धारा 302), हत्या का प्रयास (धारा 307), गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना (धारा 143), दंगा (धारा 147), हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना (धारा 324) शामिल हैं।

### राजघाट में प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने का फैसला

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं।

### सीएम हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 9 प्रस्ताव पारित

# देवघर में बनेगा नया एम्स, विस का बजट सत्र 24 फरवरी से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में सीएम हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। जिसमें 9 प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिसमें झारखण्ड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का चिन्हितीकरण की स्वीकृति दी गई। महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड के चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा षष्ठम झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च 2025 तक आहूत करने की स्वीकृति दी गई।



#### ये प्रस्ताव भी हुए पास

झारखण्ड राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने हेतु झारखण्ड सरकार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के साथ किये जाने वाले एमओयू के प्रारूप पर स्वीकृति दी गई।

सदन प्रसाद बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची में 18.10.2024 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में सदन प्रसाद तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखण्ड सम्प्रति सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के अन्तर्गत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी, गढ़वा के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति दी गई।

झारखण्ड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली 2025 के गठन पर स्वीकृति दी गई।

प्री बजट कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ सीमा अखौरी असिस्टेंट प्रोफेसर संत जेवियर कॉलेज रांची और उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नालेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।


झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कम्पनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति हेतु किये गये प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान, 8 को आएंगे नतीजे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में चुनावों की तारीखों का एलान मंगलवार को हो गया। 5 फरवरी को दिल्ली में वोट डाले जाएंगे साथ ही 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। तारीखों के एलान से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार और जोर पकड़ेगा। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही राजधानी की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इसी तरह भाजपा अब तक 29 और कांग्रेस 47 उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। इस बार कई ऐसी सीटें है जिसमें मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है।

आप के लिए इस चुनाव में प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ही हैं। 2013, 2015 और 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उन्हें शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा। जेल से वापस आने के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद आप ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर पार्टी की प्रमुख नेता आतिशी को शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री आतिशी भी इस चुनाव प्रचार में पार्टी के लिए बड़ा चेहरा बनेंगी। इसके साथ ही मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जैसे चेहरे भी पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे।




दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। पीएम मोदी दिल्ली में कई रैलियां करते भी नजर आएंगे। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्थानीय नेताओं में प्रवेश वर्मा, रमेश बिधुड़ी से लेकर बांसुरी स्वराज तक अपने-अपने इलाके में पार्टी की जीत के लिए जोर लगाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी सीट से उतारा है। बिधूड़ी हाल ही में आतिशी को लेकर एक विवादास्पद टिप्पणी करके चर्चा में आए हैं। कभी दिल्ली की सत्ता पर अकेले राज करने वाली कांग्रेस आज दिल्ली में अपनी जमीन तलाशने के लिए काफी संघर्ष कर रही है। इस चुनाव में पार्टी के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ही होंगे। हालांकि, अब तक दोनों ही प्रचार से दूर रहे हैं। स्थानीय चेहरों में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अलका लांबा, संदीप दीक्षित जैसे चेहरे अपने-अपने इलाके में पार्टी को जीत दिलाने के लिए जोर लगाएंगे।

# झारखंड एचएमपीवी वायरस से निपटने के लिए तैयार 2-3 दिन में रिम्स में शुरू होगी जांच : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** चीनी वायरस एचएमपीवी को लेकर झारखंड भी अलर्ट है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में, एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) वायरस के संबंध में कोई तत्काल चिंता नहीं है, क्योंकि यह आबादी के लिए तत्काल खतरा पैदा नहीं करता है। राज्य सरकार ने किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते, मैं सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा हूं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ नियमित संचार बनाए रख रहा हूं। वर्तमान में, हमें किसी भी अलार्म के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों से कोई औपचारिक संचार नहीं मिला है। मैंने विभाग के सचिव को राज्य भर में तैयारियों के मौजूदा स्तर का आकलन करने के लिए सिविल सर्जनों के साथ एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। कहा कि मैं जनता को आश्वस्त करता हूं कि



हमारे पास सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं और तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है। हालांकि, चल रहे सर्दी के मौसम को देखते हुए, अतिरिक्त सावधानी बरतना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान वे स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। हम सभी को सूचित रहने, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने और अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय करने की दृढ़ता से सलाह देते हैं। राज्य सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाती रहेगी।

वहीं रिम्स माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह वायरस जानलेवा नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने की सलाह दी है। रिम्स में एचएमपीवी संक्रमण की जांच शुरू करने की तैयारी की जा रही है। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मशीन उपलब्ध है, लेकिन जांच किट का इंतजार है। ये किट एनआईवी पुणे से मंगाई जा रही हैं। इसके लिए पत्र भेजा गया है। जल्द ही रिम्स में जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी।

#### दो दिनों में शुरू होगी जांच

रिम्स में दो से तीन दिन के अंदर एचएमपीवी संक्रमण की जांच शुरू हो जाएगी। बाजार से भी जांच किट खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जमशेदपुर के एमजीएमसीएच में भी जांच शुरू कराने की योजना है। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए राज्य पूरी तरह तैयार है।

### कांग्रेस के जनता दरबार में 40 लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की उपस्थिति में मंगलवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 लोगों ने समस्याएं रखी। मंत्री इरफान ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समाधान का रास्ता निकालने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आये कुल 40 मामलों में स्वास्थ्य संबंधी आठ, जमीन संबंधित तीन, थाना विवाद के दो, स्थानांतरण के दो, नौकरी के सात मामलों के अलावा मंईयां सम्मान, अबुआ आवास विभागीय कार्रवाई सहित अन्य मामले आए। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी। जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस लोगों के जीवन शैली को सरल बनाने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत जनता दरबार की पहल की गई है। हमें जनता का प्रति जवाबदेह और संवेदनशील होना होगा। तभी लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रगति में सबका साथ हो। झारखंड के अधिकारियों को भी जनता के नजरियों को समझ कर उनके उत्थान के लिए कार्य करना होगा। महागठबंधन सरकार पार्ट दो में हम तीव्र गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में शुमार होंगे। केंद्र सरकार झारखंड को सहयोग करेगा तो देश की तरक्की में झारखंड और मजबूती से अपना योगदान देगा। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जनता के पास जाकर उनकी समस्याओं को जानकर उसका निराकरण करना है। झारखंड के लोगों का स्वास्थ्य ठीक रखना है। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। एक सप्ताह के बाद परिणाम दिखना शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के भी पूर्व के कुछ मामले सामने आए हैं उसकी जांच कराई जाएगी।

# विपक्ष 2 सप्ताह में नियुक्त करे नेता प्रतिपक्ष मुख्य सचिव दायर करें हलफनामा : एससी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को दो सप्ताह के भीतर नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कोर्ट को राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि झारखंड में नेता प्रतिपक्ष के पद पर कोई नियुक्ति न होने के कारण सूचना आयोग में नियुक्ति से जुड़ी सेलेक्शन कमेटी की बैठक नहीं हो पाई है।



नेता प्रतिपक्ष इस कमेटी के सदस्य होते हैं, लेकिन फिलहाल झारखंड विधानसभा में यह पद रिक्त है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि झारखंड विधानसभा की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अपने किसी निर्वाचित सदस्य को विपक्ष का नेता नॉमिनेट करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि सेलेक्शन कमेटी में विपक्ष के नेता की नियुक्ति की प्रक्रिया दो सप्ताह में पूरी की जानी चाहिए। इसके बाद, कमेटी मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगी। कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव से आदेश के अनुपालन में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। पूर्व में हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर शुरू हो और इसके अनुपालन का हलफनामा दायर किया जाए। झारखंड सरकार के वकील ने अदालत में तर्क दिया था कि चयन समिति में आवश्यक कोरम की कमी के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। अब, सरकार ने कोर्ट में दाखिल किए गए पूरक हलफनामे में बताया कि सूचना आयोग में नियुक्तियों के लिए जून 2024 में एक विज्ञापन जारी किया गया था, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष की घोषणा नहीं हो पाई। वहीं, याचिकाकर्ता ने बताया कि 2020 से झारखंड राज्य सूचना आयोग निष्क्रिय पड़ा है, जिसके कारण आरटीआई से संबंधित हजारों मामले लंबित हैं।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करें अधिकारी : अन्नपूर्णा देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 7 जनवरी को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, विधायक मांडू निर्मल महतो, विधायक बड़कागांव रौशन लाल चौधरी, विधायक बगोदर, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष जिला परिषद, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जलापूर्ति योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट स्कीम, उज्जवला योजना, के तहत रेलवे, हाईवे, वाटर वेज, माइंस आदि से संबंधित आधारभूत संरचना निर्माण की योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, पीएमकेएसवाई, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजना की पहुंच आम जनता तक सुगमता से पहुंचे हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ सही लाभुक तक एवं गुणवत्ता और तत्परता से मिले इसके लिए हमारी सजगता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। काम की गुणवत्ता के साथ समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। निगरानी प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेवार बनाकर गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की जाए, समय पर योजना पूरा हो यह सुनिश्चित करें। योग्य लाभुकों को उनका हक मिले तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो। केंद्रीय मंत्री ने विभागवार किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। सर्वप्रथम सांसद हजारीबाग ने प्रमुख तकनीकी विभागो के द्वारा जारी निविदा प्रक्रियाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उन प्रक्रियाओं को सुगम एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। विधायक सदर प्रदीप प्रसाद ने शहरी जलापूर्ति योजनाओं के कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने को कहा। उन्होंने कहा जलापूर्ति योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, इस ग्रामीण तथा शहरी जलापूर्ति योजना की नियमित रूप से निगरानी की जानी आवश्यक है। सभी गांव के सभी घरों को नल से जल मिले जल जीवन मिशन का यही उद्देश्य है।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव अंचल सह ब्लॉक कार्यालय के समक्ष सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों को पालन करना चाहिए। तभी हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं। हम सभी हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल चलाना जरूरी है। मोटरसाइकिल में दो से अधिक न बैठाए। अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा शपथ पत्र पढ़कर प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र मंडल समेत सभी कर्मियों एवं ग्रामीणों को शपथ दिलाया। शपथ लेने वालों में से मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, मनीष पाठक, आशीष सोनी, कृष्ण कुमार, राम कुमार, कपिल तिवारी, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार, सचिन कुमार, दीपक कुमार रवि, आशीष कुमार पासवान, प्रभारी कृषि प्रखंड अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता, मोहम्मद कैफ आदि मौजूद थे।

### सर्दी के मौसम में कंबल जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित होगा : नीलम

**बरही :** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत में शीतलहर के प्रकोप से राहत देने के लिए 130 जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पंचायत के सभी 13 वार्डों के बुजुर्ग और जरूरतमंद लाभुकों को कंबल प्रदान किया गया। कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने कहा कि इस सर्दी के मौसम में कंबल जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने ग्रामीणों से ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की। इस मौके पर पंचायत सचिव ललिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सुमिया देवी, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव और वार्ड सदस्य नजमा खातून, मिनेश शर्मा, देवंती देवी, रेनू देवी, मीणा देवी, रिंकी देवी, रमेश रवीदास ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में लाभुकों में नरेश यादव, नागेश्वर रजक, लक्ष्मण ठाकुर, धीरेन्द्र यादव, राजेश यादव, पंकज कुमार, शिव कुमार यादव, प्रतिमा देवी और गुलबी देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम से जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव में मदद मिलेगी। पंचायत के सामूहिक प्रयासों से इस सर्दी में राहत पहुंचाने की सराहना की गई।

### यूथ फेस्टिवल में भाग लेने आईसेक्ट विवि की टीम कोलकाता के लिए रवाना

**हजारीबाग :** 38वां एआईयू ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में भाग लेने परफॉर्मिंग आर्ट्स की सहायक प्राध्यापिका कुमारी सीमा व फाइन आर्ट्स के सहायक प्राध्यापक शिवदेव कुमार के साथ 28 प्रतिभागियों की टीम कोलकाता के लिए मंगलवार को रवाना हुई। बता दें कि यूथ फेस्टिवल 08 जनवरी से 12 जनवरी तक सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय, कोलकाता में संचालित होगा। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## दामोदर घाटी निगम सोलर परियोजना के विरुद्ध ग्रामीणों ने दिया धरना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत दामोदर घाटी निगम के कोनार डैम में विस्थापितों के अवशेष जमीन में सोलर परियोजना का अधिष्ठापन दामोदर घाटी निगम विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे विस्थापित ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को दिए हुए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि अधिग्रहित जमीन पर यदि 5 साल तक कार्य नहीं किया जाता है। तो वह जमीन रैयतदारों को वापस कर दी जानी चाहिए , परंतु अधिग्रहित भूमि 70 वर्षों से बंजर पड़ी हुई है, जिस पर डीवीसी के द्वारा सोलर परियोजना लगाने का कार्य जारी है, जो मनमानी तरीके से किया जा रहा है। अगर इसे बंद नहीं करवाया गया तो हम सभी विस्थापित ग्रामीण बाध्य होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2025 को कोनार डैम के समक्ष करेंगे। जिसकी विधि व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेवारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग की होगी। जिसकी अपील ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से की गई है।

## अफीम के साथ पांच गिरफ्तार, एक लाख नकद बरामद, भेजा गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने केरेडारी में मिले इनपुट के आधार पर पहली बार अफीम कारोबार से जुड़े आपूर्तिकर्ता, खरीदार और मध्यस्थ को पकड़ा है। कुल पांच लोग पकड़े गए हैं और इनके पास से एक लाख नगद, एक कार, मोटरसाइकिल जप्त किया गया। मौके से 700 ग्राम अफीम बरामद किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए एडिशनल पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि केरेडारी का बैजनाथ पूरे टीम में मध्यस्थ की भूमिका में है और वह उत्तर प्रदेश में अफीम मामले में जेल जा चुका है। जेल में ही बैजनाथ की दोस्ती उत्तर प्रदेश से आए तस्कर जो शाजहांपुर के है उनसे हुई थी। बैजनाथ के बुलावे पर ही तस्कर हजारीबाग आए थे और अफीम खरीदने के दौरान पकड़े गए। अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि केरेडारी धाना क्षेत्र के तरहेसा से मनातू जाने वाली सड़क में कुछ लोग मोटरसाईकिल से अवैध अफीम लेकर जाने वाले है। सूचना का सत्यापन हेतु एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में उक्त सड़क पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल न०-जे एच 13 बी 9829 को रोका गया तो मोटरसाईकिल चालक भागने लगा। भागने के कम में मोटरसाईकिल चालक को पकड़ लिया गया और मोटरसाईकिल का डिक्की जांच की गई तो पाया कि उक्त मोटरसाइकिल के डिक्की में एक काले रंग का प्लास्टिक में रखा हुआ 700 ग्राम अफीम और एक लाख रूपया नकद पाया गया। मोटरसाइकिल चालक से पूछ-ताछ करने पर अपना नाम बैजनाथ महतो बताया। गिरफ्तारी व्यक्ति से जब पूछ-ताछ किया गया तो यह बताया कि जगेश्वर दांगी चतरा से अफीम खरीदकर आ थे और उत्तर प्रदेश के दो व्यक्ति जिसका मोबाइल नं0- 8009060839 जिसका नाम नहीं जानते है, उनसे शाहजहापुर जेल जाने के क्रम में मुलाकत हुई थी, उनको चौपारण में उस अफीम को उपलब्ध करा देना था। जिसे गिरफ्तार किया गया उनका नाम अतीक अली, मो. अफनान, और सनावर है सभी जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश रहने वाले हैं।

## सबकी योजना सबका विकास के अंतर्गत जीपीएफटी प्रथम बैच का प्रशिक्षण जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के बीपीआरओ हॉल में सबकी योजना सबका विकास अभियान ( जीपीडीपी ) 2024 के निमित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड समन्वयक-सह- मास्टर ट्रेनर आशिष कुमार पासवान और अरुण कुमार पासवान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन दल सहित मास्टर प्रशिक्षकों ने सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य (प्रति पंचायत) वी०पी०आर०पी० की एक सदस्य ,जल सहिया एवं पंचायत सहायक को दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि पंचायतों की ग्रामीण भारत के परिवर्तन में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर प्रमुख योजनाओं के प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका है। 2025-26 के लिए सबकी योजना सबका विकास (जीपीडीपी) तैयार करने हेतु जन योजना चलाने के उद्देश्य से ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए ग्रामसभा के जरिए ही योजनाओं के चयन की जानकारी दी गई। पंचायत स्तर ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाना है। जिसमें मनरेगा, बाल विकास,15 वें वित्त, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ एवं शिक्षा के साथ 19 विभागों से 15 वें वित्त आयोग के लिए योजनाएं चयनित की जाएगी। प्रखंड कार्यालय द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 4 बैचों में प्रति बैच का 3 दिवसीय प्रशिक्षण, 06 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 2025 तक चलाया जा रहा है। इसमे ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य(प्रति पंचायत), स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया,एक वीपीआरपी मेम्बर प्रशिक्षत किये जा रहे हैं जो ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे।

## अनीता देवी प्रकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भड़कीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के तत्काल एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। एक आरोपी खुले आम घूम रहा है। न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में हुए तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी प्रकरण पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कि मांग कि है। उन्होंने कहा कि आरोपी चाहे कोई भी हो न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने इस दौरान राज्य सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार को इस पर संज्ञान लेकर गिरफ्तार करवाना चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने यह भी कहा कि वे राज्य के अधिकारी हैं, कार्रवाई भी राज्य सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल सकता है। राज्य सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। हजारीबाग के कटकमसांडी में पिछले दिनों एक परिवार के ऊपर इसी तरह का आरोप लगा तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन एक पदाधिकारी के ऊपर जब आरोप लगता है तो उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है, यह दुखद है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से जवाब मांगा है कि आखिर क्यों नहीं करवाई हो रही है इसका भी खुलासा होना चाहिए।

## हजारीबाग की जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बैठक में क्षेत्र की जनता की समस्याओं को मजबूती से रखते हुए उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर तेजी से कार्य करना आवश्यक है ताकि आम जनता को राहत मिल सके। पेयजल की समस्या हेतु विधायक ने पेयजल संकट पर चिंता जताई। उन्होंने एल एंड टी कंपनी की लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस काम को शीघ्र पूरा करने की मांग की। शहरी समस्याएं को लेकर विधायक ने शहर में सूखे और जर्जर पेड़ों को जल्द हटाने की मांग की ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बंद पड़े सरकारी भवनों में नशे के अड्डों पर कड़ी कार्रवाई करने और इन्हें उपयोगी बनाने पर जोर दिया। सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर विधायक ने बढ़ती छिनतई और चोरी की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने और सभी बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को तत्काल चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की स्थिति मजबूत होनी चाहिए ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें। सड़क निर्माण की गुणवत्ता के प्रति विधायक ने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधूरी सड़कों और गड्ढों को जल्द ठीक करने की मांग की ताकि जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिक्षा और बिजली की समस्याएं को लेकर विधायक ने जिले के स्कूलों में शिक्षकों की कमी और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और लोडशेडिंग की समस्या का समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नगर निगम की कार्यशैली को लेकर विधायक ने नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए और करोड़ों रुपया की लागत से खरीदी गई सफाई मशीनों के उपयोग की जानकारी मांगी। उन्होंने शहर में पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था की मांग की ताकि रात में लोगों को असुविधा न हो। सामाजिक कल्याण हेतु विधायक ने महिला, वृद्धजन और दिव्यांग जन कल्याण के लिए चल रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण से जुड़े विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में जल्द बनेगा बाईपास, पूर्ण रूप से लगेगी नो एंट्री : रोशन लाल चौधरी


**बड़कागांव :** हजारीबाग जिला ग्रामीण विकास कार्यालय में आहुत जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव के विभिन्न लंबित योजनाओं एवं नए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही है। जिसमें उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार के पूर्व जल संसाधन एवं पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री चन्द्र प्रकाश चौधरी के कार्यकाल में वर्ष 2016-17 में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के डूमारो स्थित संजीवनी पानी नाम से प्रचलित बड़कागांव कर्णपुरा क्षेत्र के लोगो को जलापूर्ति के लिए लाई गयी। लगभग 9 करोड़ राशि की योजना का कार्य आज तक बंद हैं। किस कारण से आज तक यह योजना का कार्य पूर्ण नहीं हुआ हैं। जानकारी उपलब्ध कराते हुए यथाशीघ्र इस योजना को पूर्ण करें। एन.टी.पी.सी. के द्वारा विस्थापितों, प्रभावितो एवं अधिग्रहण क्षेत्र के लोगो को सरकार के नियमावली के अनुसार उचित मुआवजा की राशि मुहैया नही हुई हैं। विस्थापितों को मुआवजा की राशी नई कटऑफ रेट से मिलनी चाहिए एन.टी.पी.सी. के अनुसार सी.एस.आर का फण्ड उसके अधिग्रहण क्षेत्र में शत प्रतिशत उपयोग किया जाए। बड़कागांव प्रखंड में उच्चस्तरीय शिक्षा की व्यवस्था के लिए, डिग्री एवं तकनीकी शिक्षा हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण किया जाए। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में आधार कार्ड नहीं बन रहा हैं, यथाशीघ्र कुछ स्थानों में आधार एनरोलमेंट सेंटर शुरू किया जाए, बडकागांव प्रखंड मुख्यालय में उच्च स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाए, सड़क दुर्घटना को देखते हुए घनी आबादी क्षेत्र बड़कागांव, केरेडारी एवं बादम होते हुए मुख्य चौक तक पूर्ण रूप से नो एंट्री लागू किया जाए। बड़कागांव मुख्य चौक में पूर्वी, पश्चिमी एवं मध्य पंचायत में टाउनशिप के आधार पर बिजली बिल लिया जाता हैं। जबकि इसका फीडर अलग नहीं हैं यह ग्रामीण क्षेत्र में आता हैं इसपर रोक लगाई जाए। बडकागांव चौक में तहसीलदार भवन के बगल में पुस्तकालय भवन बना हुआ हैं उसमे पुस्तकालय शुरू किया जाए। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ लिखकर अपना करियर बना सके। बादम से चरही तक प्रस्तावित सड़क को टू-लेंन बनाया जाए, एन.टी.पी.सी या त्रिवेणी का ट्रांसपोर्टिंग किया जाता हैं पब्लिक रोड को छोड़ते हुए अलग बाय पास रोड बनाया जाए, बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में अतिशीघ्र बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड का निर्माण किया जाए चूंकि बस स्टैंड नहीं रहने के वजह से बडकागांव मुख्य चौक में बस खड़ी होती है जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### 9 जनवरी को होगा बच्छई में ज्ञान केंद्र एवं नि:शुल्क कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन : बिरेंद्र



**चौपारण :** प्रखंड पंचायत बच्छई में 9 जनवरी दिन गुरुवार को पंचायत वासियों के लिए खुशी का दिन साबित होने वाला है। बच्छई पंचायत मुखिया बिरेंद्र रजक ने बताया कि दिन गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल एवं नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव का आगमन होगा। जिसमें बच्छई पंचायत, सिंघरावां पंचायत, गोबिन्दपुर पंचायत वासियों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव जी को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद नवनिर्मित भवन का दो कमरा उद्घाटन, पंचायत भवन में लगे ज्ञान केन्द्र एवं नि:शुल्क कम्प्यूटर सेन्टर का उद्घाटन, समेत कम्बल वितरण माननीय सांसद एवं विधायक के द्वारा सामूहिक रूप से किया जायेगा। इस पावन अवसर पर आप सभी सम्मानित पंचायत वासियों पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, विरसा उच्च विद्यालय के सभी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, जल सहिया, स्वस्थ सहिया, आंगनबाड़ी सेविका किसान मित्र, स्वयं सेवक, जेएसपीएल कि सभी महिला दीदी, समाजिक कार्यकर्तागं सभी इस सम्मान समारोह एवं उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होने की कृपा करेंगे।

### अभाविप झारखण्ड का 25वां रजत जयंती प्रांत अधिवेशन धनबाद में संपन्न



**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड का 25 वां रजत जयंती प्रांतीय अधिवेशन धनबाद के गोविंदपुर केड्डके पालीटेक्निक महाविद्यालय में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन 3 जनवरी को झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार जी ने किया। तीन दिवसीय अधिवेशन में अलग-अलग भाषण सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम, खुला अधिवेशन एवं शोभायात्रा हुए। रजत जयंती अधिवेशन में झारखण्ड के अलग अलग जिलों से 1500 छात्र - छात्रा शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिवेशन में 3 प्रस्ताव पास हुए 1.विश्वविद्यालयों में कुलपति सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर शीघ्र हो नियुक्ति प्रस्ताव क्रमांक :- 02 चुनावी वादों के अनुरूप 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी जल्द उपलब्ध कराए सरकार। प्रस्ताव क्रमांक :- 03 राज्य की राष्ट्र विरोधी ताकतों पर नियंत्रण हेतु हो ठोस पहल। अंतिम दिन 2025 2026 के लिए अभाविप झारखण्ड प्रदेश इकाई का घोषणा किया गया जिसमें हजारीबाग जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोड्ड मनोज कुमार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूद्र राज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निशांत अग्रवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साक्षी सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह को बनाया गया। इस प्रांतीय अधिवेशन में हजारीबाग जिला से 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों को अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर, जिला संयोजक बाबूलाल मेहता, नगर मंत्री यशवंत कुमार, सह मंत्री मनीष कुमार सह मंत्री शाश्वत सिन्हा, सह मंत्री साहिल सिंह एवं समस्त कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नामांकन प्रक्रिया होगी सरल : कुलपति

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2025-26 के लिए नामांकन अब 12वीं की परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा। इसी प्रकार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन अब स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा। उक्त निर्णय शनिवार को आयोजित विश्वविद्यालय के नामांकन समिति की बैठक में लिए गए। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने किया। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया ऐसी हो जिससे विद्यार्थियों को बेवजह की परेशानी ना हो। ज्ञात हो कि यह दोनों स्तर पर नामांकन कुछ वर्षों से CUET परीक्षा के आधार पर किया जा रहा था। इससे एक तरफ जहां विद्यार्थियों को बेवजह एक परीक्षा का खर्च का वहन करना पड़ता था वही परीक्षा के दूरस्थ केंद्र को लेकर भी परीक्षार्थी परेशान होते थे। नियमित पाठ्यक्रमों मे भी फिर से परीक्षा के आधार पर नामांकन लेने के औचित्य पर भी सवाल उठ रहे थे। बैठक में आंकड़ा प्रस्तुत किया गया कि सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर 49423 नामांकन में से मात्र 5539 नामांकन CUET के आधार पर हुए थे। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर कल 4950 नामांकन में से म मात्र 950 नामांकन उवएळ से हुए थे। इस प्रकार केवल CUET उवएळ के आधार पर नामांकन लेने से विश्वविद्यालय के 80-90 प्रतिशत स्थान रिक्त रह जाते। विश्वविद्यालय को बाध्य होकर नामांकन के लिए दो पद्धतियों का अनुसरण करना पड़ा था जिसमें बहुत समय नष्ट हुए थे। बैठक में इस पूरे मामले की समीक्षा करते हुए सदस्यों ने पाया कि इसी कारण पिछले कुछ वर्षों से लगातार सत्र अनियमित हो रहे हैं। बीए एलएलबी तथा एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु लिए गए प्रवेश परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों को सकारात्मक अंक प्राप्त होंगे उन्हें मेधांक तथा रोस्टर के आधार पर नामांकन के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## एक नजर

### बड़गाईं सीओ को रांची शहर अंचल का मिला प्रभार

**रांची :** बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को रांची शहर अंचल का प्रभार दिया गया है। शहर अंचल में होने वाले कार्य सुचारू रूप से हों इसके लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर का प्रभार दिया गया। उपायुक्त ने दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

### बाबूलाल मरांडी ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर खड़े किए सवाल

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की अर्थव्यवथा पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य में जिस प्रकार से अपराध हो रहे हैं, ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि एक मईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है। मईयां सम्मान के नाम पर बहन-बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार से रोज नए कारनामे उजागर हो रहे और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं, यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जाएं।

### नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स के विरोध में चलाया अभियान

**रांची :** रांची नगर निगम के तत्वावधान में अवैध होर्डिंग्स के विरोध में अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम के बाजार शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ओर से कचहरी चौक, जेल चौक से हरिओम टरावर तक अभियान चलाया गया। जेल चौक में दो अवैध होर्डिंग्स संरचना मिली, जिसे निगम द्वारा अभियान के तहत हटाया गया। इसके साथ ही करीब 25 विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स के विरोध में कार्रवाई करते हुए दो दिनों के अंदर नवीकरण करने का निर्देश दिया गया। न्यूक्लियस मॉल व हरिओम टावर में अधिष्ठापित बिना एनओसी प्राप्त विज्ञापन पट्टो को दो दिनों के अंदर एनओसी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया एवं भविष्य में अवैध पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सहायक प्रशाससक, नगर प्रबंधक, बाजार शाखा व इन्फोर्समेंट शाखा की टीम मौजूद थी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. 103-आरएनसी-डीसीई-सी-एमईआर-01-2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य अभियंता(निर्माण)/रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: निम्नलिखित निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तिथि को 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** रांची में ऑफिसर रेस्ट हाउस (निर्माण), उप मुख्य अभियंता/निर्माण/रांची के कार्यालय और एसएसई/जेईई (निर्माण) के कार्यालयों का नवीनीकरण और पेंटिंग। **अनुमानित लागत:** रु. 51.35 लाख, **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,02,700/-, **समापन अवधि:** 6 माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 07.02.2025, इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/ विवरण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **टिप्पणी:** 'संभावित बोलीदाता अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।' (PR-885)

# खादी महोत्सव ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए सशक्त मंच है : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि खादी महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है।



राज्यपाल मंगलवार को झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित "राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25" के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों के जरिये तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है।

राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। साथ ही राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

## हाई कोर्ट में डीजीपी और डीजी होमगार्ड हुए हाजिर, कोर्ट ने अवमानना याचिका किया ड्रॉप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की बेंच में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता और महानिदेशक (डीजी) होमगार्ड अनिल पालटा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।

कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप करते हुए कहा कि चूंकि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गई है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार के अपील के फैसले पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रही बढ़ी हुई सैलरी मिलती रहेगी। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है। राज्य सरकार ने 10 अगस्त, 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। इसके आधार पर वर्तमान में होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलरी मिल रही है। होमगार्ड जवानों को एरियर भुगतान में कई वित्तीय कठिनाइयों भी हैं, सरकार स्तर पर अभी इस पर निर्णय नहीं हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था। आदेश की तारीख से पुलिसकर्मियों के समकक्ष होमगार्ड जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देना होगा। दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

## झारखंड में ठंड से राहत नहीं, छाया रहेगा कोहरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में इन दिनों ठंड का कहर जारी है। राजधानी रांची में मंगलवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। रुक-रुक कर चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुमला, खूंटी और हजारीबाग सहित कई जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। शाम में चल रही शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है।



मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। रांची का तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। बुधवार को उत्तर पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी भागों में घना कोहरा छाया रह सकता है। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिन 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कई इलाकों में सुबह घना कोहरा देखने को मिलेगा। इनमें गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह कोडरमा, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ साहिबगंज और गोड्डा शामिल है। आसमान में बादल साफ रहेगा। आठ और 11 जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा।

पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.8 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई।

## 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन 400 मीटर हर्डल रेस में झारखंड की शिवानी कुमारी को मिला रजत पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज तीसरा दिन था। सोमवार को झारखंड की शिवानी कुमारी ने बालिका वर्ग 400 मीटर हर्डल रेस में झारखंड को पदक दिलाया। शिवानी को प्रतियोगिता में रजत पदक मिला। बालिका वर्ग 400 मीटर हर्डल रेस में दिल्ली की हर्षिता गोस्वामी को स्वर्ण पदक और केरल की ज्योथिका को कांस्य पदक मिला है। आज हुए 500 मीटर बालक वर्ग रेस वॉक प्रतियोगिता में राजस्थान के सचिन गढ़वाल को स्वर्ण पदक, केरल के मोहम्मद सुल्ता को रजत पदक और राजस्थान के रोहित कुमार को कांस्य पदक मिला। 300 मीटर बालिका वर्ग रेस वॉक में हरियाणा की सिया को स्वर्ण पदक, केंद्रीय विद्यालय की रक्षा प्रजापति को रजत पदक और राजस्थान की तमन्ना को कांस्य पदक मिला है।



बालक वर्ग 300 मीटर दौड़ में हरियाणा के अर्जुन को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के अभिनंदन सूर्या को रजत पदक और महाराष्ट्र के ही रोहित को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 300 मीटर दौड़ में कर्णाटक की प्रणथी को स्वर्ण पदक, राजस्थान की मुस्कान को रजत पदक और महाराष्ट्र की साक्षी भंडारी को कांस्य पदक मिला है। 400 मीटर बालक वर्ग हर्डल में कर्णाटक के भूषण सुनील को स्वर्ण पदक, केरल के मोहम्मद अशफाक को रजत पदक और विद्या भारती के अमित कुमार को कांस्य पदक मिला है। 3 केजी शॉटपुट बालिका वर्ग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की अमृता को स्वर्ण पदक, केरल की हेनिन एलिजाबेथ को रजत पदक और तमिलनाडु की अनुश्री को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग हाई जंप में केरल के जुवेल थॉमस को स्वर्ण पदक, केंद्रीय विद्यालय के श्रीवत्सन को रजत पदक और तमिलनाडु के अशोक कुमार को कांस्य पदक मिला है। 1.5 केजी डिस्कस थ्रो बालक वर्ग प्रतियोगिता में केरल के सरवन को स्वर्ण पदक, राजस्थान के हंसराज को रजत और पंजाब के देवांश जग्गा को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग हाई जंप में उत्तर प्रदेश की रीत राठौड़ को स्वर्ण पदक, उक्रउए की अमनदीप कौर और तमिलनाडु की वृंदा को संयुक्त रूप से रजत पदक मिला है। बालिका वर्ग पोल वॉल्ट में केरल की जिन्नत को स्वर्ण पदक, मध्य प्रदेश की श्रुति राठौड़ को रजत पदक और राजस्थान की नाजिया खान को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग जेवलिन थ्रो में विद्याभारती के मोहम्मद शहंशाह को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के पंकज को रजत, सीबीएससी के सुमित कुमार को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग 5 केजी हैमर थ्रो में उत्तर प्रदेश के गोलू यादव को स्वर्ण पदक, हरियाणा के अमन को रजत पदक और विद्याभारती के अब्दुल रहमान को कांस्य पदक मिला है।

## 13 जनवरी को नमो पतंग उत्सव

**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव होगा। सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पतंग उत्सव की शुरूआत झारखंड में 2006 में की थी। इसके बाद से यह प्रत्येक वर्ष हो रहा है। आयोजन के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए मकर संक्रांति व लोहड़ी के शुभ अवसर पर नमो पतंग उत्सव का आयोजन 13 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे प्रारंभ किया जाएगा। श्री काबरा ने बताया भक्तिभय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग यह कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। इसके अंतर्गत पतंग वितरण और उत्सव का आयोजन होगा। इस उपलक्ष्य पर समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग की भी व्यवस्था रहेगी।

# राज्य में कहां और कैसी बन रही हैं सड़कें, मुख्य सचिव ने हाईलेवल मीटिंग कर अफसरों से ली जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। वह मंगलवार को राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।



एनएचएआइ की चल रहीं 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं बताते चलें कि राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नई योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### रातू लूटकांड के दो आरोपियों के पोस्टर जारी, 20 हजार इनाम घोषित



**रांची :** शहर के रातू थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दिनदहाड़े 14 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों के पोस्टर जारी किए हैं। सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पोस्टर में बताया गया है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर, 2024 को स्टेट बैंक काठीटांड पास एक व्यवसायी से पैसे की छिनैती की गई थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई है। इन दोनों अपराधियों के बारे में कोई भी जानकारी यदि किसी के पास हो तो वह नि:संकोच पुलिस को इसकी सूचना जरूर दे। सूचना देने वाले का नाम एवं पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस ने सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 9431706136, 9431706138, 9431706142 और 9431706175 जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर की दोपहर रातू स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी 14 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए निकले थे। बैंक से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार दो अपराधियों ने कर्मचारी को रोका और पैसे भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद भी हो गई थी। अपराधियों की तस्वीर भी स्पष्ट रूप से पहचान की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद रातू पुलिस कांड का खुलासा नहीं कर पाई है। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने घटना में शामिल अपराधियो के पोस्टर जारी किए हैं।

### चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे : बाबूलाल



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस प्रभारी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का बहाना बनाकर और चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे हैं। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने घोषणा की थी कि एक दिसंबर से हर परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा लेकिन अब चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री का रुख बदल गया है। वे अब कह रहे हैं कि 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने के लिए गठबंधन के साथी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मंजूरी जरूरी है। मरांडी ने कहा कि अब सवाल यह उठता है कि क्या कांग्रेस ने झामुमो की सहमति के बिना यह वादा कर दिया था और यदि झामुमो वाकई इस वादे को लागू करने में बाधा बना हुआ है, तो कांग्रेस को खुलकर जनता के सामने सच रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी वादे केवल वोट बटोरने का जरिया नहीं होते, बल्कि जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक होते हैं। इसलिए आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर जनता को जल्द से जल्द 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की पहल शुरू की जाए।

### हाई कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखा

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। रांची में 23 अगस्त, 2024 को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत 40 आरोपितों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने प्रार्थियों को सरकार के प्रतिशपथ पत्र का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। तब तक हाई कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपितों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है, इनमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम एवं संजय सेठ, पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी, सांसद दुल्लू महतो, विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, सत्येंद्र नाथ तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, अर्पना सेनगुप्ता, अमित कुमार, अमरदीप यादव, नीरा यादव, आरती कुजूर, वरुण कुमार, इंदु शेखर मिश्रा, राज्यसभा सदस्य प्रदीप कुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, रांची विधायक सीपी सिंह, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल, संजीव विजयवर्गीय, कुणाल यादव, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, केदार हाजरा, रमेश कुमार सिंह, पुष्पा देवी सहित अन्य हैं। मामले में लालपुर थाना में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/2024 दर्ज किया गया है। इनमें 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात आरोपी हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किए गए 'अन्याय' और चुनावी वादों को पूरा करने में 'विफलता' के खिलाफ विरोधी रैली के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। साथ ही रबर की गोलियां चलाईं। दोनों पक्षों ने दावा किया कि हाथापाई में कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 को लागू किया था। इस प्रदर्शन के बाद मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई थी।

### 17 डीएसपी बनेंगे आईपीएस, यूपीएसस को फाइल भेजने की तैयारी

**रांची :** झारखंड में पुलिसकर्मियों को प्रमोशन देने का सिलसिला जारी है। पिछले साल 31 दिसंबर की रात झारखंड कैडर के 9 आईपीएस को डीआईजी के पद पर प्रोन्नति दी गई थी। जबकि 2 जनवरी को 3 आईपीएस अफसरों को केंद्र में आईजी पद के लिए पैनल किया गया था। अब राज्य सरकार ने झारखंड पुलिस सेवा के पुलिसकर्मियों को सौगात देने की तैयारी में है। झारखंड के 17 डीएसपी को आईपीएस में प्रोमोट करने की तैयारी चल रही है। इससे संबंधित फाइल भी रेडी हो गई है। सभी डीएसपी के नाम यूपीएससी को भेजे जा सकते हैं। बता दें कि झारखंड कैडर में राज्य पुलिस के सेवा के अफसरों को आईपीएस में प्रमोशन देने के लिए मात्र 9 पद रिक्त हैं। झारखंड पुलिस सेवा के जिन 17 डीएसपी को आईपीएस बनाने की तैयारी है, सभी के फाइल यूपीएससी को भेजनी होगी। इसके बाद यूपीएससी सभी दस्तावेजों की समीक्षा करेगी। इसमें जो कुछ भी त्रुटियां या कमियां पाईं जाएंगी, उसे दूर किया जाएगा। इसके लिए यूपीएससी की प्रोन्नति बोर्ड गृह सचिव और डीजीपी के साथ बैठक करेगी। इस बैठक में सारी खामियां को दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद अफसरों को प्रोमोट किया जाएगा।

## एक नजर

### युवा अधिवक्ता नील रतन सिंह का आकस्मिक निधन



**बोकारो :** बोकारो के जैनामोड़ निवासी 50 वर्षीय अधिवक्ता नील रतन सिंह उर्फ दिलीप सिंह पिता स्व. गणेश सिंह, ए ट. 2138/00 का आज तड़के निधन हो गया। आज उनका दाह संस्कार खोजों नदी के तट पर कर दिया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा पर आज बोकारो सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता नील रतन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि स्व. नील रतन सिंह के सम्मान में आज सभी अधिवक्ता अपने आप को न्यायीक कार्य से अलग रखा। श्री गिरि ने कहा कि वे स्व. सिंह कैंसर रोग से पीड़ित थे। वे बोकारो कोर्ट में वर्ष 2000 से वकालत कर रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं पत्नी छोड़ गए है।आज उनके सम्मान में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, अतुल कुमार, गोविंद राम, जे पी झा, नीतीश नंदी, राजेश कुमार,अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, अंजनी चौधरी, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल, चंदन कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, विकास कुमार, राज श्री, दीपिका सिंह, संजीत कुमार सिंह, सुमन वर्मा, विकास प्रजापति, मो हसनैन आलम, संदीप कुमार सिंह, संजीत महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### वैशाली मैदान में श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ



**बोकारो :** बैशाली मैदान में धर्म जन जागरण समिति के द्वारा आयोजित श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ सुभारम्भ हुआ। इस कलश यात्रा में नगर के माताएं बहनें मुख्य यजमान योगेंद्र कुमार,शालिनी कुमारी सामिल हुए। इसके पश्चात आदरणीय पशुपतिनाथ सिंह जी पूर्व सांसद धनबाद लोकसभा ने दीप प्रज्वलित कर कथा का सुभारंभ किया। आज के कथा में आचार्य वशिष्ठ देशमुख महाराज जी ने श्री मद भागवत के माहात्म्य को बताया। भागवत कथा सभी को श्रवण करनी चाहिए इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों के रूप में योगेंद्र कुमार,गौरांग चंद्र, गणेश कुमार,रवि शंकर, कुलदीप कुमार, अमित कुमार,नरेश कुमार, सुजीत कुमार,गगन दास ,अशोक कुमार,नरेश कंधवे,अनमोल,बीरेंद्र कुमार, विशिष्ठ अतिथि के रूप में ए के वर्मा,राम सुमेर सिंह, नीरज कुमार,नागेंद्र पूरी, शामिल रहे।

### महिला समिति ने कंबल का किया वितरण

**बोकारो :** महिला समिति,बोकारो द्वारा अनिता तिवारी की अध्यक्षता में समिति की वर्कर्स के बीच कंबल का वितरण तथा पिकनिक का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस साल भी समिति की स्वावलंबन तथा सुरभि केंद्र में काम कर रहे 80 वर्कर्स को ऊनी कम्बल दिए गए, उनके जलपान की व्यवस्था की गई तथा मनोरंजन के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अध्यक्षा अनिता तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी तथा सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के नेतृत्व में तथा कमिटी मेंबर्स के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्षगण मोनिका रंगानी, इति रथ,अल्का मनवटी, देवजानी मिश्रा उपस्थित रहीं तथा कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, प्रीति राजेश, समिता मोहंती, आशा राज उपस्थित रहीं।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का




प्रयोग अवश्य करें। वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जाएगा। वहीं ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, अमरेश कुमार, देवेंद्र कुमार, मुकुल कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 8 पदक जीते



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** भुवनेश्वर : 3 से 5 जनवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय आर वाई पी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूनामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि ने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पदक विजेताओं में जिगर विश्वकर्मा और मोहम्मद कासिद ने अंडर 14 बॉयज डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।चंद्र देव प्रजापति और अर्चना जय सिंह ने 30प्लस मिक्स डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ 30प्लस मेंस सिंगल्स में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। सोनू कुमार ने तीन पदक अपने नाम किए। पहला पदक ओपन डबल्स में रोहित पाटिल के साथ रजत पदक, दूसरा पदक ओपन मिक्स डबल्स में अनुजा माहेश्वरी के साथ रजत पदक व तीसरा पदक ओपन मेंस सिंगल्स में कांस्य पदक प्राप्त किया। शशि कुमार और दीपक पासवान नेअंडर 18 बॉयज डबल्स में रजत पदक प्राप्त किया।दीपक पासवान साथ ही अंडर 18 सिंगल्स में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। आदित्य प्रजापति और प्रचेता कुमारी ने अंडर 16 में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर झारखंड पिकलबॉल संघ ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## करोना काल में किन्नरों के आशीर्वाद का हमारे ऊपर दिखा असर : मथुरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** देश की कोयला राजधानी धनबाद में इन दोनों किन्नरों का महाजुटान देखने को मिल रहा हैं। अगर माना जाय तो यह धनबाद जिला में एक ऐसा सम्मेलन हो रहा है जो की अन्य सम्मेलनों से अलग हटकर यह सम्मेलन देखा जा रहा है। सम्मेलन में हमारे भारत देश ही नहीं विदेश से भी कई किन्नर भाग ले रहे हैं । सोमवार को किन्नर समाज के द्वारा जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान धनबाद सांसद ढुलू महतो भी अधिवेशन में पहुंचे और उन्हें भी किन्नरों ने सम्मानित किया।

**किन्नरों की विशाल उपस्थिति से धन्य हो गया धनबाद : ढुल्लू**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हमारा धनबाद आपलोगों की उपस्थिति



में धन्य हो गया । मुझे छम छम माता का आशीर्वाद बचपन से ही मिलता आया है । और मैं छम छम माता की बातों पर अमल करता हूं । आप लोग धनबाद को ऐसा आशीर्वाद दें जिससे धनबाद की चौमुखी विकास हो।टुंडी विधायक व झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर मथुरा महतो ने कहा कि कोरोना काल के समय से ही किन्नरों का आशीर्वाद हमारे ऊपर बनी हुई है मैं किन्नरों के हर कार्यक्रम में शिरकत करता हूं और उनका आशीर्वाद लेता हूं । विधायक राज सिन्हा ने कहां की झारखंड के कोयला राजधानी धनबाद में आए किन्नरों को पूरा कोयलांचल स्वागत करता है और मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों के आशीर्वाद से हमारा धनबाद हमेशा चमकता रहेगा।

## पुलिस ने चोरी के मामले का किया उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले के बालीडीह पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी के घटना का उदभेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए अपराधियों के पास से पुलिस ने चोरी किये गए 12 वोल्ट के चार बैटरी, चोरी मामले मे उपयोग किये गए रिंच आदि के साथ दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता ने बताया की पांच जनवरी की रात रेलवे स्टेशन के समीप लगे जिओ के टावर मे लगे डीजी के चार बैट्री चोरी की गई थी, उसके सुपरवाइजर उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद मामले की जानचोपरान्त गठित टीम ने मामले का उदभेदन किया है, गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। इस मामले एक अन्य अपराधी अभी भी फरार है। चोरी के वारदात में इस्तेमाल हुई जप्त सामानों की विवरणी :- चोरी किया गया चार 12 भोल्ट का डी०जी० का बैटरी, दो स्मार्टफोन, बैट्री खोलने में प्रयुक्त रिंच। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की सूची : पुनि सह थाना प्रभारी, नवीन कुमार सिंह, पुअनि विरमनी कुमार, पुअनि अभिषेक कुमार, पुअनि शशिकान्त ठाकुर, पुअनि जितेन्द्र कुमार यादव ,पुअनि संदीप कुमार, पुअनिअजय कुमार राय, हवलदार शोभापति मिंज, आरक्षी उमेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## दृष्टि दोष पढ़ाई में बाधक : डॉ दीपिका सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में बच्चों के दृष्टि दोष की जांच की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की नेत्र की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और ऐसे बच्चे पढ़ाई में बिछड़ते जाते हैं। शहर की प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह ने कहा की नेत्र जांच शिविर के दौरान आंखों के स्वास्थ्य का आकलन के लिए कई तरह के परीक्षण किए जाते हैं। डॉ दीपिका ने कहा की बच्चों को आंखों की नियमित जांच जरूर करवानी चाहिए । कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश केजरीवाल ने कहा की इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था। प्रकाश ने कहा बच्चों में दृष्टि दोष विकट एवं गंभीर समस्या हो गई है। ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर ने शिविर लगाने पर



रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चे और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि 1063 बच्चों का नेत्र जांच किया गया। मुकेश ने बताया कि जांचों उपरांत दृष्टि दोष पाए गए बच्चों को चश्मा एवं उपचार की सलाह दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, विजय अग्रवाल, धनेश बंका, ललिता चोपड़ा,रितु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूर्वी केजरीवाल, डिंपल पासवान, स्कूल के शिक्षकों के अलावा संजीव नेत्रालय की सराहनीय भूमिका रही। संजीव नेत्रालय ने घोषणा की कि अगले एक सप्ताह तक नेत्रालय में बच्चों की निशुल्क जांच की जाएगी।

# बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेनूघाट में तम्बाकू के दुष्परिणाम व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य श्री विपिन कुमार के द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356



एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि निकोटीन की लत से किशोरो में एकाग्रता की क्षमता पर असर डालता है। यदि आप नशा करते हैं तो निकोटीन की वजह से सोचने समझने की क्षमता में कमी लाता है साथ ही सभी बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू का नशा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है इसको हमारे देश में करोड लोग इस्तेमाल करते है इनमें कमी लाने के लिये हम सबको आगे आना होगा नही तो तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते है आप अन्दाजा नही लगा सकते। ऐसे मे हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि यदि आप तम्बाकू का उपयोग करते है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से संपर्क कर तम्बाकू छोड कर तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करें और बच्चों से अनुरोध है कि यदि आपके माता पिता भी इसका उपयोग करते है तो उन्हें भी तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दे। डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल बोकारो ने सभी बच्चों को तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित कोई भी समस्या आने पर टाल फ्री नं0 14416 पर सम्पर्क करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य विपिन कुमार, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट के नववर्ष कैलेंडर का किया विमोचन



**धनबाद :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट ने आज नववर्ष कैलेंडर 2025 का विधिवत विमोचन कायस्थ शिरोमणि एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा के हाथों उनके आवासीय कार्यालय में किया गया। इसके साथ ही ट्रस्ट के द्वारा विधायक जी के जीत का अभिनंदन समारोह और नववर्ष पारिवारिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम हेतु उन्हें आमंत्रित किया गया। बताया गया कि उन्होंने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन दिए। उक्त वनभोज कार्यक्रम दिनांक 12 जनवरी को गोविंदपुर स्थित वनकाली मंदिर के समीप होना सुनिश्चित है। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि लाल, राष्ट्रीय महासचिव अनुज सिन्हा, राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य सुनील कुमार, सदस्य विकास सिन्हा, मनोज रिंकू सिन्हा, अमित सिन्हा एवं अनिल सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### निदेशक डीआरडीए ने सुनी लोगों की शिकायतें




**धनबाद :** मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित जनता दरबार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। शिकायत का समाधान करने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया। जनता दरबार में झरिया अंचल के अमीन ने आवेदन देकर कहा कि भूमाफियाओं द्वारा साजिश रच कर उन्हें सेवा से मुक्त करवा दिया गया है। खरखरी महेशपुर से आए एक शिकायतकर्ता ने कहा कि योजना पूरी हो जाने के बावजूद प्रखंड के कर्मचारियों द्वारा उन्हें जबरन परेशान किया जा रहा है। कोलाकुसमा सरायढेला से आए व्यक्ति ने निदेशक डीआरडीए को बताया कि उनकी रैयती जमीन पर फर्जी कागजात बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। बेकारबांध से आए व्यक्ति ने बताया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन और बलपूर्वक सार्वजनिक रास्ता की घेराबंदी की जा रही है। वहीं बलियापुर के पलानी से आए व्यक्ति ने कहा कि भूमाफियाओं द्वारा गैर आबाद खास खाता की जमीन पर जबरन कब्जा कर भूमाफियाओं द्वारा बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है। जनता दरबार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा मौजूद थे।

### झारखंड तलवारबाजी टीम धनबाद से उत्तराखंड के लिए रवाना



**धनबाद :** उत्तराखण्ड के रुद्रपुर में उत्तराखंड फेसिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 19वां कैडेट नैशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में 23 खिलाड़ियों जिसमें 12 बालक और 11 बालिका का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने झारखंड टीम धनबाद से रुद्रपुर उत्तराखंड के लिए रवाना हुई । जहां 8 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। झारखंड टीम को धनबाद स्टेशन से राज्य संघ के महासचिव जयकुमार सिन्हा एवं संघ के संयुक्त सचिव अनिल बाँसफोर ने झारखंड टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। शुभकामनाएं देने वालों में राज्य संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद, चेयरमैन राजीव कुमार बिड्ढ, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, संघ के कोषाध्यक्ष कर्मवीर उरांव, संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा, रामाशीष सिंह, रवि रंजन, झारखंड स्टेट टेबल टेनिस के उपाध्यक्ष अनिल महाजन, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनर अमितेश, धनबाद फेंसिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील बाँसफोर, संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार बाँसफोर, मुकेश कुमार बाँसफोर के साथ-साथ अखिलेश,रूपेश, नितेश, निकेश आदि खिलाड़ीगण थे। फेंसिंग के विभिन्न इवेंट में चयनित खिलाड़ी- फॉइल में मिहिर, उमाशंकर, सुशील, ईपी में शुभम, अभिराज, शौर्यराज, ऋषिराज, साइबर में आयुष, आदित्य, कृष, अमर, महिला खिलाड़ी मे शुक्ला, माही, नंदिनी, खुशी, फॉइल में प्रगति, सीम्मी, दिव्या, वंदना, साइबर में पूजा, खुशबू, सोनिया शामिल हैं।

### रेल प्रबंधक को दो मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन, जल्द कार्रवाई का मिला आश्वासन : अजय कुमार



**बोकारो :** भीम आर्मी बोकारो महानगर के अध्यक्ष मान्यवर अजय कुमार जी ने अपने साथियों के साथ क्षेत्रीय रेल प्रबंधक, बोकारो से मिलकर नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।रेलवे कॉलोनी एंव इसके आस पास के बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 3, मे पढ़ने जाने के लिए स्टेशन रोड होकर जाना पड़ता है, जिससे बच्चों में हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बना रहता है। इसके लिए क्षेत्रीय रेल प्रबंधक महोदय बोकारो को एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमे केंद्रीय विद्यालय नम्बर 3, में पढ़ने जाने वाले बच्चों जैसे रेलवे कॉलोनी, बालीडीह,कुमीर्डीह, बियाडा के बच्चों के लिए टेंपल कॉलोनी होकर विद्यालय का रास्ता चालु करने के लिए दिया गया। और दूसरा रेलवे कॉलोनी क्षेत्र मे संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा भी लगाने का प्रबंधक महोदय से आग्रह किया गया। प्रबंधक महोदय ने इस विषय पर अपनी सहमति जताई और शीघ्र ही पहल करने का आश्वासन भी दिय। इस मौके पर हमारे साथी एडवोकेट नरेश महतो, सुनील कुमार, जितेन्द्र कुमार, युवराज, आशित मांझी आदि शामिल थे।

# शीघ्र होगा बालू घाटों का संचालन, जेसीबी और हाइवा आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आम जनता को सस्ती और वैध बालू उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण पहल की है। पंचायत स्तर पर कैटेगरी-1 के पांच बालू घाटों का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस पहल से न केवल बालू की उपलब्धता आसान होगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। ये पांच बालू घाट कर्रा प्रखंड की सुनगी पंचायत, तोरपा प्रखंड की दियांकेल और चुरगी पंचायत, तथा मुरहू प्रखंड की माहिल और गनालोया पंचायत में संचालित किए जाएंगे। इसे लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में संबंधित पंचायतों के मुखिया और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह खूंटी जिले में पहली बार कैटेगरी-1 बालू घाटों का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। संचालन के दौरान सरकार की सभी गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पूरी पारदर्शिता और वैध प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाए। अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को बालू घाटों का सीमांकन शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे जल्द बालू घाटों का संचालन प्रारंभ किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर संचालित घाटों से बालू लेने पर लाभुकों से प्रति ट्रैक्टर बालू के लिए 100 रुपये का चालान काटा जाए और उसे निर्धारित खाते में जमा किया जाए। घाटों पर जेसीबी और हाइवा जैसे वाहनों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। घाटों से बालू लेने वाले लाभुकों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाए। बालू का व्यावसायिक उपयोग न हो और केवल सीमांकित क्षेत्र से ही बालू का उठाव किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बालू लेने वाले व्यक्ति द्वारा बालू का भंडारण न किया जाए, न हीं उसकी बिक्री की जाए, केवल निजी उपयोग हीं किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि यह पहल केवल बालू की किफायती और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और राजस्व में पारदर्शिता भी है। आमजन से आग्रह किया गया कि वे केवल वैध और निर्धारित स्त्रोतों से ही बालू का क्रय करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित पंचायत के मुखिया और अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# मोहन सहीस ने सिल्ली का किया नाम रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** मुरी निवासी मोहन सहीस लगभग 15 वर्षों से डांस सीख रहे है और सीखा भी रहे हैं। सन 2022 में उन्हें आर्ट्स ऑफ कल्चर की ओर से पूरे भारत में आयोजित भारतीय प्रभात संगीत नृत्य प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के पश्चात रावा रत्न से सामनित किया गया। जहां इंदौर, गुजरात, यूपी, एमपी, आसाम, बांग्लादेश जैसे टॉप 10 अभ्यार्थियों को पश्चिम बंगाल कोलकाता में फाइनल में बुलाया गया और सबको पीछे छोड़ कर जीत हासिल की, जिसके लिए उन्हें आर्स्ट ऑफ कल्चर की तरफ से रवा रत्न से सम्मानित किया गया एवं विश्व रतन से भी सम्मानित किया गया। सन 2023 में उन्होंने परस्तीजायस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड भी बनाया। रांची में सांसद संजय सेठ जी के द्वारा आयोजित संसद सांस्कृतिक महोत्सव में भी सिल्ली विधानसभा की ओर से उन्होंने मनमोहक प्रदर्शन देकर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया और अपने सिल्ली विधानसभा के क्षेत्र को गौरवशील होने का पात्र बनाया एवं सिल्ली में अपनी राज्य एवं देश के पारंपरिक संस्कृति को हर साल प्रस्तुत करने वाली गूंज महोत्सव में भी उन्होंने प्रत्येक वर्ष अपना मनमोहक प्रदर्शन करते हुए 2023 के गूंज महोत्सव में उन्हें तत्कालीन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन जी के हाथों सम्मानित किया गया।




## प्राकाशित सूचना का प्रारूप
## झारखण्ड सरकार
## उद्योग विभाग
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
कार्यालय सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), राँची–पलामू क्षेत्र, राँची

**निलामी सूचना–01/2024–25**

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में राँची–पलामू प्रक्षेत्र के विभिन्न अग्र परियोजना केन्द्र अन्तर्गत डावा कोकून का प्रथम/द्वितीय बीजागार तथा स्थानीय प्रजाति के लरिया कोकून का बीजागार किया गया है, जिसका कोकून (Emerged and Unemerged cocoon) का निलामी किया जाना हैं। उक्त के निमित्त इच्छुक इकाई/प्रतिष्ठान/स्वंय सहायता समूह से दिनांक–15.01.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक निम्नांकित नियम एवं शर्तों के अधीन सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता हैं।

1. कार्यालय में कोटेशन जमा करने का अंतिम तिथि–15.01.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक
2. कोटेशन जमा करने का स्थान सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), राँची–पलामू क्षेत्र, राँची।
3. निविदा खोलने कि तिथि–15.01.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. EMD कि राशि रू0 5,000/– (पाँच हजार रूपये) मात्र प्रति लाख कोकून की दर से गणना कर बैंक ड्राफ्ट (न्यूनतम राशि रू0 5,000/– तथा अधिकतम राशि रू0 62500/–)
5. बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक से बना होना चाहिए।
6. सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), राँची–पलामू क्षेत्र, राँची की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति के समक्ष निविदा खोला जायेगा एवं अधिकतम दर अंकित करने वाले कयकर्त्ता (इकाई/प्रतिष्ठान) का चयन किया जाएगा।
7. चयनित इकाई/प्रतिष्ठान को 07 दिनों के अन्दर संबंधित अग्र परियोजना केन्द्र को कोकून की गणना के अनुसार राशि का भुगतान सुनिश्चित करना होगा।
8. इस निलामी सूचना को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः–नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तें का विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं/प्राप्त किया जा सकता है।

सहायक उद्योग निदेशक (रेशम),
राँची–पलामू क्षेत्र, राँची

PR 343706 Industries(24-25)#D


## एक नजर

### भाजपा ने विभिन्न गांवों में चलाया गया सदस्यता अभियान



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी का अन गडा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो की नेतृत्व में विभिन्न गांवों में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें शक्ति केंद्र चिलदाग चतरा पैका बोंगाई बेड़ा गांवों में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर रामनाथ महतो, संतोष महतो, राजेंद्र महतो, ढुकुल महतो, उर्मिला देवी, राजेश मिश्रा, सोहन मुंडा, बाबूलाल महतो, सुरेश महतो इत्यादि शामिल हुए। प्रवासी प्रभारी के रूप में माधुरी देवी उपस्थित रहे है।

# चैनपुर भाजपा मंडल ने सदस्यता अभियान के निमित की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की बैठक स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष बुधराम नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर उसके लक्ष्य को हासिल करना है। इस अभियान के निमित प्रदेश से नियुक्त पदाधिकारी जगनारायण सिंह एवं यशवंत सिंह मौजूद रहें। जगनारायण सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में यह सदस्यता अभियान चला रही है जिसकी शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं पहला सदस्य बनकर किया। वहीं इस अभियान के प्रभारी सह भाजपा जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारा उद्देश्य सिर्फ सदस्यता ग्रहण करवाकर संख्या बढ़ाना नहीं है बल्कि सदस्यों के माध्यम से पार्टी को और भी मजबूत कर देश के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करना है। आगे उन्होंने बतलाया कि मंडल के सभी पदाधिकारियों को पचास लोगों को लिंक के माध्यम से सदस्य बनाना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप शाहदेव ने बतलाया कि आप 8800002024 पर भी मिस्ड कॉल करके पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते है आगे उन्होंने सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी, संयोजकों को निर्देशित किया कि वे अपने अपने केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएं। वहीं मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने बतलाया कि इस अभियान की अंतिम तारीख 14 जनवरी है इस बीच सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी अपने केंद्रों में जाकर बैठक के माध्यम से सदस्य बनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री अमित पाण्डेय निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक उपाध्यक्ष अरविंद मौर्य राजेश मांझी दीपक राक रजक नवीन प्रकाश आइंद गुलाब साय शिवम केशरी बासुदेव मुंडा संतोष केशरी खम्मन खेरवार राजेश भगत ममता देवी सावित्री देवी इला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


## अधीक्षक का कार्यालय,
## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग।
OFFICE OF THE SUPERINTENDENT,
SHEIKH BHIKHARI MEDICAL COLLEGE HOSPITAL, HAZARIBAG
E- mail ID – superintendenthbag1@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जूनियर रेजिडेंट के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतू निकाले गये विज्ञापन सं0 01/2024–25 के आलोक में समर्पित आवेदनों के साक्षात्कार/परीक्षात्यादि दिनांक 11.12.2024 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग, प्राचार्य के अध्यक्षता में कॉलेज परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के College Council Room-cum-conference Room में अयोजित की गयी जिसमें चयन समिति, द्वारा जॉचोपरांत नियमानुसार परीक्षाफल तैयार किया गया जो निम्नवत है।

| S. No. | Name | Qualification | Post | Total Marks | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Dr. Abhimanyu Kumar | MBBS | Junior Resident | 14.41 | Qualified for Medicine Department |
| 02. | Dr. Dharamveer Prasad | MBBS | Junior Resident | 12.66 | Qualified for Orthopedics Department |
| 03. | Dr. Aafreen Sanober | BDS | Junior Resident | 9.33 | Qualified for Dental Department |

अतः उक्त परीक्षाफल कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध है।

अधीक्षक,
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल,
हजारीबाग।

PR.NO.343638 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D


# थाना परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली सड़क सुरक्षा को लेकर सिल्ली थाना में शपथ ग्रहण का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा संबंधित नियम दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर चलाऊंगा, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा, नाबालिक बच्चों को बाइक चलने नहीं दूंगा, साथी साथ अपने आस-पड़ोस को सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने को लेकर जानकारी दूंगा आदि सड़क सुरक्षा को लेकर थाना के जवानों के द्वारा शपथ लिया गया। इस मौके पर विकास पासवान, रामदेव कुमार यादव, उदय कुमार सिंह, बी हेंब्रम, विनोद कुमार चौधरी आदि जवान उपस्थित थे।

# चैनपुर प्रखंड में किसानों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड में किसानों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में 11 किसानों को उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा उद्यानिकी किट और अन्य सामग्री दी गई। इसके साथ ही, उन्हें जैविक उद्यानिकी, फसल लगाने की विधि, आधुनिक उद्यानिकी पद्धति, सूक्ष्म सिंचाई, और फसल में लगे कीड़ों से छुटकारा पाने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी डॉ तमन्ना प्रवीण, एग्रोटेक प्रोड्यूसर के डॉक्टर फिरोज अहमद, अनूप कुमार पंचायत के मुखिया, उद्यान मित्र और अन्य लाभुक उपस्थित थे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उद्यानिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ाना और उन्हें बेहतर पैदावार के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अपनी फसलों की गुणवत्ता में सुधार करने और अधिक लाभ कमाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ तमन्ना प्रवीण ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उद्यानिकी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अपनी फसलों की गुणवत्ता में सुधार करने और अधिक लाभ कमाने के लिए प्रेरित किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए किसानों ने कहा कि उन्हें इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि अब वे अपनी फसलों की गुणवत्ता में सुधार करने और अधिक लाभ कमाने के लिए नवीनतम तकनीकों और विधियों का उपयोग करेंगे।




## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार तेतराई के बंदोबस्ती हेतु सम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2025 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तेतराई हाट | पाँकी | 16-01-2025 | मध्याह्न–12:00 बजे से | 192000.00 | 19200.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.01.2025 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या–7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.343641 District(24-25):D


# सोशल पुलिसिंग के तहत आयोजित फुटबाल मैच में चैनपुर ने 1-0 से जीता फाइनल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में शोशल पुलिसींग के द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में चैनपुर की टीम ने झरगांव को 1-0 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। यह टूनामेंट गुमला पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल के तहत आयोजित किया गया था। नपुर के लुथरन मैदान में आयोजित इस टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में चैनपुर की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया और झरगांव को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि चैनपुर एसडीपीओ ललीत मिना ने शील्ड देकर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता टीम झरगांव को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ ललीत मिना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा नशा, साइबर क्राइम और अन्य सामाजिक बुराइयों के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इन बुराइयों से बचाएं और उन्हें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस आयोजन में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, एसआई दिनेश कुमार और बेंदोरा पंचायत मुखिया शुशिल दिपक मिंज सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




# पुलिस ने हथियार के साथ सात अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** डकैती और लूट कांड की वारदातों में शामिल सात शातिर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पपरावाटांड़ स्थित कार्यालय में एसपी डॉ विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधियों में जमशेदपुर निवासी सागर मुंडा, पृथ्वी लोहार, सूरज टुडू, सुनील नायक, बिंदु नाग, राजधनवार निवासी सबर मोहन किस्कू ओर इलियास अंसारी शामिल है। एसपी ने बताया कि विगत 31 दिसंबर 2024 की रात्रि में धनवार थाना अंतर्गत राजा मंदिर के पास स्थित चंद्रिका पंडित के घर से सात अपराधियों के के गिरोह ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए। पूर्व में रोहित शर्मा उर्फ टूटू विश्वकर्मा और आकाश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में इन सभी आरोपितों को पुलिस के जरिये गिरफ्तार किया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
अति अल्पकालीन निविदा सह डाक आमंत्रण सूचना संख्या–BCD/KODERMA/01/वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
2. सीलबंद आवेदन प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 13.01.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक ।
3. सीलबंद आवेदन खोलने का समय :– दिनांक 15.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. आवेदन प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
5. कार्यो का विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | आवेदन शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Dismantling of Old Civil Court Building and Scrap Materials after dismantling of Old Civil Court Building in Premises of Civil Court Koderma | 5,72,552=00 (Dismantling) 5,74,739=00 (Salvage Value) | 23000=00 | 2500=00 | 15 days |

1) भवन निर्माण विभाग झारखण्ड राँची या किसी अन्य विभाग में निबंधित संवेदक या प्रतिष्ठित एवं समर्थ व्यवसायी/व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।आवेदक को सादे कागज पर कार्य का नाम अंकित करते हुए Dismantling कार्य तथा Salvage Value के लिए अलग–अलग दर देना होगा तथा आवेदन पर पूर्ण हस्ताक्षर, नाम, पता आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए सीलबंद लिफाफे में आवेदन करना होगा।
2) अग्रधन के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवाँ निर्गम या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पास बुक/फिक्स्ड डिपोजिट के रूप में देय होगा, जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल कोडरमा के पदनाम से प्रतिज्ञाप्त होना अनिवार्य होगा। जो कार्य समाप्ति के बाद वापस कर दिया जायेगा । Dismentaling एवं Salvage Value of Material की अन्तर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल,कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय होगा । जो डाक डालते समय जमा करना होगा ।
3) Dismantling कार्य के लिए मान्य/ प्राक्कलित राशि से अधिक दर एवं Salvage Value Materials के लिए मान्य प्राक्कलित राशि से कम दर स्वीकृत नहीं की जायेगी ।
4) कार्य पूर्ण होने की अवधि 15 दिनों के अन्दर Dismantling के बाद सभी Serviceable तथ Unserviceable सामग्रियों को कार्य स्थल से हटा लेना होगा अन्यथा 1% प्रति दिन के दर से विलम्ब शुल्क की वसूली की जायेगी ।
5) आवेदन शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही मान्य होगा जो कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा के पक्ष में होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कोडरमा में भुगतेय होगा।
6) सालवेज के लिए निविदत्त दर से Dismantling के लिए निविदत्त दर घटाने के बाद जिस निविदाकार की राशि अधिक होगी उसे कार्य आवंटित किया जायेगा ।
7) निविदा/डाक की अन्य शर्ते कार्यालय के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, कोडरमा।

PR 343648 Building(24-25)D

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

**आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।**

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था , जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।

देखिए , किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड़ॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए।

डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।



वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं।

वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं।

डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं।

उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं।

आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।

एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### मुफ्त देने का मुकाबला

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के जारी रहने की बात की। मोदी ने कहा यदि भाजपा की सरकार बनती है तो जनहित की योजनाएं जारी रहेंगी बल्कि इनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाएगा व ठेकेदारों को बाहर किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली सरकार की योजनाओं के केवल कागजों पर चलने का इल्जाम लगाते हुए दस साल बर्बाद होने की बात उठाई। मोदी का कहना है आप सरकार हार से घबरा गई है इसलिए जनता के बीच झूठ फैला रही है कि उसकी सरकार जाने पर कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। आप सरकार के केंद्र की योजनाओं को लागू न करने देने का आरोप लगाते हुए नवनिर्मित मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल बताया। आप-दा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे जैसा नारा देते हुए प्रधानमंत्री अपनी पार्टी में भरपूर जोश भरने का प्रयास करते नजर आये।



निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी जनहित योजनाओं को लेकर अब तक बहुत पुरउम्मीद थी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने चुनावी भाषणों में दिल्ली की जनता को समझाने में कामयाब हो रहे थे कि भाजपा सरकार बनी तो उनके द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा। मोदी का यह पलट वार माना जा सकता है, जिसमें उन्होंने मुफ्त वाली विभिन्न योजनाओं के न केवल जारी रखने की उम्मीद जगाई बल्कि जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिया जा सकता है, जिनमें सौरघर मुफ्त बिजली, आयुष्मान सहित गरीबों को वित्तीय लाभ भी शामिल है। केजरीवाल लंबे समय से केंद्र की आंखों की किरकिरी हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में आप के विभिन्न वरिष्ठ नेताओं को जेल हो चुकी है। चुनावी मौसम से पहले ही भाजपा उन्हें घेरने की पूरी तैयारी कर चुकी है। केजरीवाल के दल का नामकरण आप-दा कर-के मोदी ने उनका खासा मखौल भी बनाया। चुनावी दंगल में अब कमर के नीचे प्रहार करने में नेता परहेज नहीं करते। कटाक्ष करने के साथ ही वे जनता को लुभाने वाली निजी टिप्पणियां भी खूब करते हैं। चुनावी रैली में मोदी उतरते ही उनके दल के तेवर बदल गए और जोश नजर आने लगा। मुफ्त की योजनाएं और आर्थिक लाभ का लोभ वोट बैंक को आकर्षित करने का बेहतरीन फामूर्ला बन चुका है। दिल्ली की जनता का पलड़ा किसकी तरफ झुकता है, इस पर देश भर की निगाहें लगी हुई हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्रों में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# नये चीनी वायरस से चिन्ता में डूबी दुनिया



ललित गर्ग

मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है।

नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके।

एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें।

चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों को खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है। ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। लेकिन यह कुछ गंभीर या चिंताजनक नहीं है ह्व डॉ. गोयल ने भले से मनोवैज्ञानिक तरह से एचएमपीवी वायरस को गंभीर न बताकर इसके आतंक को कम कर दिया है, सरकार भी इस महामारी को लेकर सतर्क है, लेकिन फिर भी इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है।

# मुद्दा : किसानों की कोई सुनवाई नहीं



अमरेंद्र कुमार राय

पिछले एक साल से किसान फिर धरने पर बैठे हैं। वो भी उन मांगों के लिए जो तीन साल पहले ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मान ली हैं। आप पूछ सकते हैं कि अगर किसानों की मांगें मान ली गई हैं तो वे धरने पर क्यों बैठे हैं? इसका जवाब है केंद्र सरकार की वादाखिलाफी। इसने मांगे तो मान लीं, लेकिन उस पर अमल नहीं किया।

19 नवम्बर 2021 को गुरु नानक जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया था। इसके साथ ही कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने के लिए एक समिति बनाने, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने और कृषि ऋणों पर उदारतापूर्वक विचार करने की बात भी कही।

इसके बाद किसानों ने 9 दिसम्बर 2021 को आंदोलन समाप्त करने पर सहमति प्रदान की और कहा कि 11 तारीख से उनकी आंदोलन से वापसी हो जाएगी, लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसानों की मांगों पर अमल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकार ने एमएसपी लागू करने के लिए समिति का गठन तो कर दिया, लेकिन उसमें उन लोगों को शामिल कर दिया जो लोग कृषि कानूनों के पक्षधर थे।

इसमें किसान प्रतिनिधियों को तो शामिल किया गया, मगर बहुमत सरकार समर्थक प्रतिनिधियों का कर दिया गया। इससे नाराज होकर किसानों ने उस समिति की बैठकों में भाग लेने से ही मना कर दिया। इनका तर्क था कि समिति सारे फैसले बहुमत के आधार पर अपने पक्ष में करा लेगी। इसी तरह सरकार ने आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को भी वापस नहीं लिया। आज भी 55 हजार से ज्यादा किसानों पर मुकदमे दर्ज हैं। किसानों के कृषि ऋणों को लेकर भी कोई बात नहीं हुई।

इससे क्षुब्ध किसानों ने नये सिरे से आंदोलन शुरू करने का मन बनाया। करीब एक साल पहले किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रति निष्ठा रखने वाले किसानों ने धरना शुरू कर दिया, लेकिन इस बार उन्हें पिछली बार की तरह दिल्ली की सीमा तक नहीं पहुंचने दिया गया। उन्हें पंजाब की सीमा पर ही रोक दिया गया। किसान साल भर से वहीं धरने पर बैठे रहे, लेकिन सरकार उनसे बात करने को तैयार नहीं हुई। तब कैंसर पीड़ित 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 26 नवम्बर को आमरण अनशन की घोषणा कर दी। सरकार के कान पर तो फिर भी जूं नहीं रेंगी, मगर जब अनशन को करीब एक महीने बीत गए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया।

उसने पंजाब सरकार को कहा कि वह डल्लेवाल को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए, लेकिन डल्लेवाल इसके लिए तैयार नहीं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं वे चिकित्सकीय सुविधा नहीं लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी किसान सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुलझाने की दिशा में सार्थक पहल करना चाहता है तो उसे पंजाब सरकार की बजाय केंद्र सरकार को हिदायत या आदेश देना चाहिए। आखिर कृषि का मसला पंजाब सरकार से तो जुड़ा नहीं है। यह केंद्र का मामला है। केंद्र की सरकार ने ही पहले मांगें मानी थीं। उसे ही इस पर अमल करना है।

अपने आंदोलन को गति देने के लिए किसानों ने बीती चार जनवरी को एक महापंचायत बुलाई थी। इस महापंचायत में एक लाख से ज्यादा किसान जुड़े। इसमें पंजाब और हरियाणा के किसान तो थे ही देश के बाकी हिस्सों से भी किसान पहुंचे। पिछली बार के आंदोलन से सबक लेते हुए किसान दो-तीन दिन पहले ही महापंचायत स्थल पर पहुंच गए थे। इस महापंचायत में डल्लेवाल भी स्ट्रेचर पर लाए गए। उन्होंने थोड़ी देर किसानों को संबोधित भी किया।

इस बीच सरकार ने अपना पुराना खेल शुरू कर दिया है। किसानों में फूट डालने वाली। जहां ये पंचायत हुई उसके बगल में ही उसी दिन एक दूसरी पंचायत भी हुई। कहा जा रहा है कि ये पंचायत सरकार के इशारे पर की गई और किसान आंदोलन के विरुद्ध बातें की गई। दूसरी तरफ सरकार ने एक नई पॉलिसी तैयार की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि केंद्र सरकार इस नई पॉलिसी के जरिए एक बार फिर से निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से वापस लाना चाहती है। केंद्र ने इस पॉलिसी को विचार के लिए सभी राज्यों को भेजा है। किसान भी इस पॉलिसी को लेकर सशंकित और सतर्क हैं।



## एक नजर

### पंजाब नेशनल बैंक की ओर से नए वर्ष के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बोकारो** : पंजाब नेशनल बैंक ने भी हैप्पी स्ट्रीट, बोकारो में हो रहे नये वर्ष की कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक से मंडल प्रमुख राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख प्रबंधक कृष्ण झा, चंदन कुमार झा, सुबोध कुमार, ओम जी, प्रिया रंजन, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे। प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बैंक की ओर से काफी प्रयास किया गया, जनता के बीच मुफ्त में सिविल निकालने की व्यवस्था की गई थी, इस मौके का काफी जनता ने फायदा उठाया। और बैंक के विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### हर बूथ में कम से कम दो सौ सदस्य बनायें कार्यकर्ता : काशीनाथ महतो



**खूंटी**: संगठन महापर्व के तहत भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को रनिया मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक बेलसिया गढ सामुदायिक भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सीताराम नाग ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ उसके कार्यकर्ता और सदस्य होते हैं। हम जितने अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनायेंगे, संगठन उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों के कारण ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है। बैठक में सभी पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष आदि शामिल हुए। काशीनाथ महतो ने कहा कि हर बूथ से 200 सौ सदस्य बनायें। प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को अलग से 100-100 सदस्य बनाने का टास्क दिया गया।

### कई प्रखंडों में चला अफीम की अवैध खेती के खिलाफ अभियान



**खूंटी**: उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्रा, खूंटी सहित अन्य प्रखंडों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अवैध अफीम की खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने अवैध अफीम की खेती छोड़ कर वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत सभी कर्मियों को दिलायी गयी शपथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के सातवें दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी सरकारी कार्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। साहिबगंज जिले के सभी सरकारी कार्यालयों समाहरणालय परिसर, जिला परिवहन कार्यालय, पुलिस मुख्यालय, प्रखंड कार्यालय, जन सूचना कार्यालय, विकास भवन, नगर परिषद एवं अन्य कार्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय के कर्मियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया एवं पंपलेट, बुकलेट, हैंडबिल के माध्यम से सड़क सुरक्षा की




जानकारी दी गई। आज के इस कार्यक्रम सड़क सुरक्षा हर कार्यालय में का उद्देश्य यह है कि सभी कार्यालय के कर्मि सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूक रहे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करेंगे एवं सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाने में सहयोग किया जाएगा एवं नेक नागरिक बन कर सड़क में घटित दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति की मदद करके नेक नागरिक का पालन करेंगे।साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ के माध्यम से पूरे जिले में ऑडियो क्लिप एवं पम्पलेट, बुकलेट, हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कराया जा रहा है। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं सभी वाहन चालक अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वार सभी से अपील किये कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। सभी चालक मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहने साथ ही चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वाहन का परिचालन ना करें समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा, एमभीआई विमल किशोर सिंह, प्रशिक्षुक एमभीआई अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा को लेकर एसयूसीआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल चालू करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने, और कुकड़ू ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग को लेकर एसयूसीआई पार्टी ने चांडिल बाजार में हस्ताक्षर अभियान चलाया। पार्टी के चांडिल अनुमंडल इंचार्ज अनंत कुमार महतो ने बताया कि इन मांगों के समर्थन में हजारों हस्ताक्षर एकत्र कर जिला चिकित्सा पदाधिकारी, सरायकेला को 31 जनवरी को सौंपे जाएंगे। महतो ने बताया कि चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण 2008 में 9 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रह गया। 2019 में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से इसे पूरा करने का प्रयास हुआ, लेकिन वह भी असफल रहा। अब साढ़े सत्रह करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य की घोषणा और शिलान्यास हुआ है, लेकिन कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अस्पताल निर्माण में हो रही देरी के कारण क्षेत्र की लाखों की आबादी चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में गंभीर संकट झेल रही है। सरकार की योजनाओं और नीतियों पर निशाना साधते हुए महतो ने कहा कि यह केवल जनता को गुमराह करने और वोट बैंक बनाने का प्रयास है। स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा के खिलाफ एसयूसीआई ने आगामी 30 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांडिल के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की है।

## एबीवीपी के अधिवेशन में पदाधिकारियों का हुआ चयन, सुनिधि बनी प्रदेश सह मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , झारखंड प्रदेश का भव्य रजत जयंती 25वां अधिवेशन सफलतापूर्वक 3,4,5 जनवरी के.के कॉलेज, धनबाद में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में साहिबगंज जिला से प्रदेश स्तर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अधिवेशन में सुनिधि को झारखंड प्रदेश की प्रदेश सह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। साथ ही,आकांक्षा को प्रदेश सह कला मंच प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी दौरान इंद्रजीत साह को झारखंड प्रदेश के प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके साथ ही, चंदन गुप्ता, कविंद्र पासवान, कंचन



कुमारी, अंकित कुमार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। यह रजत जयंती अधिवेशन झारखंड प्रदेश के संगठन को मजबूत करने और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। मालूम हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश में शिक्षा, संस्कार, और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# साहिबगंज उपायुक्त ने की भू-अर्जन के मामलों की समीक्षा, दिये निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न प्रखण्डों के अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ एनएच 80, भारत अंतदेर्शीय जल मार्ग प्राधिकरण एवं अन्य परियोजनाओं से संबंधित भू अर्जन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एन०ए०आई०यू०, साहेबगंज द्वारा संचालित परियोजना एनएच-80 फेज-1, एनएच-80 फेज-2, मुंगेर से मिजाचौकी पथ, एनएच-133 गंगा पुल, गंगा पुल निर्माण का कार्य, आईडब्ल्यूएआई साहेबगंज संचालित समदानाला बंदरगाह निर्माण, समदानाला बंदरगाह निर्माण में संपर्क पथ निर्माण, समदानाला बंदरगाह निर्माण में विस्थापित परिवारों को बसाने पुनर्वास एवं पुनव्यवस्थापन, उपस्कर पार्क निर्माण, उपस्कर पार्क सम्पर्क पथ आदि से संबंधित चर्चा की



गई। कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल द्वारा संचालित परियोजना जोजोदारी से मोहब्बतपुर पथ, शोभनपुर भट्ठा से राजगॉव पथ, बाबुपुर पंडित टोला से चुटिया मोड़ तक सड़क निर्माण, लालबांध से मोहनपुर पथ, महाराजपुर से शमार्पुर पथ, हरिणचरा से शिवगादी पथ, पंचकठिया से तलबड़िया, तीनपहाड़ धमधमिया सेक्शन एल/सी नं0-47/सी के स्थान पर प्रस्तावित आओबी मोगलपाड़ा से महाराजपुर फरीदपुर पथ, शिवगादी-सनमनी मोड़-डहुजोर पथ निर्माण, कोटालपोखर से पश्चिम बंगाल बॉर्डर तक पथ निर्माण, पतना-हिरणपुर पथ के 6वें किमी में गुमानी नदी पर उच्च स्तरीय पूल का निर्माण, पतना-हिरणपुर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, बरहरवा रेलवे स्टेशन के समीप एलसी नं0-19 एवं 45 के बदले आरओबी के निर्माण, उधवा-सिरासीन एवं कटहलबाड़ी से आतापुर पथ निर्माण, कीताझोर-पहाड़पुर तलबड़िया पथ निर्माण, बरहरवा रिंग रोड दिग्धी से केसरो तक पथ, मिजाचौकी-बोआरीजोर पथ एमडीआर-207, खैरबनी से सनमनी पथ, बांझी बाजार-मंडवा-कारीकान्दर-चरखी-दलदली-केरासोल पथ, हाथमाड़ी से हाथीगढ़ पथ निर्माण, रांगा-सिमरा-हिरन - श्रीरामपुर-इलाकी सिमलढाव पथ निर्माण। वरीय प्रबंधक, संरचरण प्रमण्डल, ललमटिया द्वारा संचालित परियोजना मौजा-कित्ताझोर में 132/33 केबी ग्रीड सब स्टेशन तक पहुँच पथ। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, साहेबगंज द्वारा संचालित परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अन्तर्गत जीएसआर निर्माण, बरहरवा के पिपरा मौजा में इंटेक वेल - सह- पम्प हाउस निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटना में कार चालक घायल



**बोकारो** : चास-तालगड़िया पथ पर तालगड़िया स्टेशन के समीप मुख्य सड़क पर कार और ट्रेलर की सीधी टक्कर में कार चालक बाल बाल बचे। कार चालक बोकारो बारी को-ऑपरेटिव का रहने वाला अनिल कुमार प्रसाद है । घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कार चास से तालगड़िया होते हुए झरिया जा रहा था कि तालगड़िया स्टेशन के समीप मुख्य सड़क पर विपरीत दिशा में आ रही ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार सड़क से बाहर फेंका गया । टक्कर से कार का दाहिना साइड पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया । स्थानीय लोगों कार चालक को गाड़ी से बाहर निकाला । घटना की सूचना पर बनगड़िया ओपी पुलिस पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया ।

# उपायुक्त की पहल पर जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में हुई परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की मैट्रिक इंटर की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को लेकर उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इन छात्र-छात्राओं को विशेष कक्षाएं, नियमित क्लास टेस्ट, विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष कक्षा दी जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त के पहल पर मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में मैट्रिक के छात्र-छात्राओं के अध्यापन्न कार्य में रूचि बढ़ाने/प्रतिस्पर्धा को लेकर प्रि-बोर्ड टेस्ट का आयोजन किया गया



है। आज कदाचारमुक्त वातावरण में पहले दिन की परीक्षा हुई। सभी प्रखंडों में संचालित परीक्षा का संबंधित प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी ने जायजा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय की समेकित विषयों की परीक्षा ली गई है। आज कुल 08,383 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी है। अगले दो दिनों को परीक्षा का आयोजन होगा, जिसका मूल्यांकन अंतर प्रखंड शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। प्रि-बोर्ड परीक्षा संचालन का जायजा गोमिया प्रखंड में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, चंदनकियारी प्रखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, पेटरवार प्रखंड में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, कसमार प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता चास श्री प्रभाष दत्ता समेत विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने जायजा लिया। जानकारी हो कि, उपायुक्त जिले के मैट्रिक ,इंटर परीक्षा में प्रदर्शन को लेकर काफी गंभीर है। प्रदर्शन को बेहतर करने एवं जिले की रैंकिंग में सुधार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। स्वयं उपायुक्त ने प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा को लेकर दो विषयों का प्रश्न पत्र तैयार किया है। शेष विषयों के लिए प्रश्न पत्र विभिन्न सरकारी-निजी विद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में सीएबी रेड ने 98 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज**: जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में मंगलवार को सीएबी रेड, बरहरवा बनाम माही स्पोर्ट्स ब्लू के बीच मैच खेला गया। सीएबी रेड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.5 ओवर में 211 रन बना कर ऑल आउट हो गई। ईशु डोकानिया ने 14, पीयूष गुप्ता ने 53, वसीम राज ने 47 व कृष कुमार ने 12 रन बनाए। माही स्पोटर्स ब्लू के गेंदबाज तौसीफ अंसारी व श्रीकांत सिंह ने 2-2, अमित रविदास ने 3, देव तुरी व वसीम ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स ब्लू 21.3 ओवर में 113 रन बना कर ऑल आउट हो गई। ललित नारायण ने 28, वसीम अख्तर ने 16 रनों की पारी खेली। सीएबी रेड बरहरवा के गेंदबाज पीयूष गुप्ता ने 5, अमूल कुमार ने 2, सन्नी व आयुष ने 1-1 विकेट लिया। सीएबी रेड ने 98 रनों से जीत हासिल की। सीएबी रेड के खिलाड़ी पीयूष गुप्ता को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि राकेश गुप्ता ने पीयूष को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा व राकेश कुमार रोशन एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सागर सुमन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे।

### जलकुंभी के तने पर आधारित शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**साहिबगंज/उधवा**: नीति आयोग के आकांक्षी जिला मद से जलकुंभी के तने पर आधारित शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं, विशेकर आदिवासियों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो उधवा झील पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र के गांवों में रहते हैं। यह झारखंड का सबसे बड़ा और एकमात्र पक्षी अभयारण्य है और प्रस्तावित रामसर स्थल है। जलकुंभी को अधिसूचित अभयारण्य के आस-पास के क्षेत्रों से एकत्र किया जा रहा है इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभयारण्य पर ग्रामीणों की आजीविका हेतु निर्भरता को कम करना है, ताकि वन्यजीवों, विशेकर प्रवासी पक्षियों की मानव गतिविधियों से कम से कम परेशानी हो। साथ ही, जलकुंभी एक आक्रामक प्रजाति है, इसलिए इस तरह के कौशल प्रशिक्षण से कारीगरों को तैयार करने में मदद मिलेगी, जो इस अपशिष्ट का उपयोग हस्तशिल्प निर्माण करने के लिए करेंगे। साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु यह प्रयास किया जा रहा है।

### यज्ञ कुंड के परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालु



**साहिबगंज/बरहेट**: प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय रक्सी समीप स्थित मैदान में नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रक्सी गांव के आलावे आस-पास के स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर विधिवत पूजा-अर्चना की। आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेम पंडित ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तथा शाम चार बजे से 5 बजे तक यज्ञ हो रहा है। इसकी परिक्रमा के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। सुविधाओं के लिए कमेटी सदस्य तथा स्वयंसेवक मुस्तैद हैं। आचार्य त्यागी बाबा ने बताया कि महायज्ञ से विश्व का कल्याण होता है। इसलिए, समय-समय पर महायज्ञ होना जरूरी है। रात्रि में राम कथा का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसे सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है। मौके पर बिरेन साह, संतोष, विकास, जितेन, राजू सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाएं किसान



**साहिबगंज** : आत्मा सभागार में फसल सुरक्षा के तहत कार्यशाला का किया गया आयोजन प्रतिनिधि, साहिबगंज संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर स्थित आत्मा सभागार में फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत किसानों को कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए क्षमता संवर्धन के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण दो चरणों में निर्धारित है। प्रथम चरण 07 से 11 जनवरी तक निर्धारित है। इसमें साहिबगंज, बोरियो, मंडरो व बरहेट प्रखंड के तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजन की तिथि 20 से 24 जनवरी 2025 तक निर्धारित है। इसमें राजमहल, बरहरवा, उधवा, तालझारी व पतना के कृषक भाग लेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। कहा कि युवा किसानों को कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने हेतु आह्वान किया। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, उप परियोजना निदेशक आत्मा मंटू कुमार, कंचन कुमार सुमन, बीटीएम, अजय कुमार पुरी, जिला परामर्शी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं 20 की संख्या में साहिबगंज जिला के कृषक मौजूद थे।

# नए साल में कमाई के मामले में मस्क से भी आगे निकल गए कई रईस

## फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में पिछले साल 203 अरब डॉलर की तेजी आई थी। अब 437 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ अब भी नंबर बने हुए हैं। लेकिन नए साल में कमाई के मामले में कई रईस उनसे आगे निकल गए हैं। मस्क की नेटवर्थ में इस साल अब तक 5.05 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक जकरबर्ग की नेटवर्थ में 8.86 अरब डॉलर की तेजी आई।

इस साल उनकी नेटवर्थ 15.4 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 223 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ इस साल 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है जबकि चेंगपेंग झाओ की नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 7.63 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 246 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

लैरी पेज की नेटवर्थ में इस साल 5.98 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह माइकल डेल की नेटवर्थ 4.54 अरब डॉलर बढ़ी है। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के कारण मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। अंबानी की नेटवर्थ में 2.59 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ में 3.53 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडानी इस साल 4.21 अरब डॉलर गंवा चुके हैं जबकि अंबानी ने 11.9 करोड़ डॉलर गंवाए।

# महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

## - अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही

**नई दिल्ली ।**

महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक



विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ताबड़तोड़ सोना खरीदकर अपना भंडार बढ़ाया

## आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा




**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की खरीद ताबड़तोड़ बरकरार रखी है। आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा है, जो चीन के खरीद से भी अधिक है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में कुल 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें से आरबीआई का 8 टन सोना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार संभावित अनिश्चितताओं के माहौल में केंद्रीय बैंकों ने इस सुरक्षित संपत्ति का महत्व समझकर सोने के खरीदार बने रहे हैं। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने 53 टन सोना बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने अपने भंडार में और 8 टन सोना जोड़कर इस वर्ष की खरीद की मात्रा 73 टन हो गई है। आरबीआई के साथ पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी भी दूसरे स्थान पर है, जो नवंबर में 21 टन सोना खरीदकर अपने भंडार में जोड़ता गया है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं पर ध्यान देने के साथ उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों का उत्कृष्ट सोने की खरीद सतत कर रहा है, जो आर्थिक संसाधनों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर सकता है। यह एक बड़ी चेतावनी है कि अर्थव्यवस्था में किसी भी आपात स्थिति में, सिर्फ सोना ही है जो संभाल सकता है।

# 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही सैमसंग




**मुम्बई ।**

जल्द ही आपको सैमसंग की गैलेक्सी डिवाइसेज में 500 मेगापिक्सल का कैमरा सेंसर देखने को मिल सकता है। कंपनी अभी 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सैमसंग आईफोन 18 सीरीज के लिए भी थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर डिवेलप कर रहा है।

यह जानकारी टिपस्टर ने एक एक्स पोस्ट में दी। माना जा रहा है कि कंपनी 500 मेगापिक्सल का कैमरा गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में ऑफर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सैमसंग स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बाकी कंपनियों से काफी आगे निकल सकता है। अफवाह है कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में कंपनी जबर्दस्त इमेजि प्रोसेसिंग ऑफर करने वाली है, जो हाई-रेजॉलूशन सेंसर के आउटपुट को और बेहतर बनाएगा। कंपनी अपने डिवाइसेज के अलावा ऐपल के लिए थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंसर का पीडी-टीआर- लॉजिक कॉन्फिगरेशन मोजूदा आईफोन्स में ऑफर किए जा रहे सोनी के एक्समोर आरएस इमेज सेंसर की परफॉर्मेंस से काफी बेहतर होगा। आईफोन 18 सीरीज के डिवाइस पहले ऐपल स्मार्टफोन हो सकते हैं, जिनमें सैमसंग का सेंसर ऑफर किया जा सकता है।

इसमें 1/2.6 इंच की साइज वाला 48 मेगापिक्सल का सेंसर भी शामिल हो सकता है। अफवाहों के अनुसार आईफोन 18 सीरीज में कंपनी मेन कैमरा के लिए वैरिएबल अपर्चर टेक्नोलॉजी ऑफर कर सकती है। इसकी मदद से यूजर अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन में अपर्चर को बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अडस्ट कर सकेंगे। बताते चलें कि ऐपल अपनी आईफोन 18 सीरीज में नेक्स्ट जेनरेशन ए20 चिपसेट ऑफर कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खाताधारकों को मिली बड़ी राहत

## - गलत तरीके से पैसा कटा तो बैंक होगा जिम्मेदार

**नई दिल्ली ।**


सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें उन्होंने खाताधारकों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के खाते से अनधिकृत और धोखाधड़ी वाला ऑनलाइन लेनदेन होता है, तो उसे तीन दिनों के भीतर रिजर्व बैंक को शिकायत दर्ज करानी होगी। इस मामले में बैंक को ग्राहक को नुकसान की राशि की भरपाई करनी होगी। इस फैसले से ग्राहकों को सुरक्षा और विश्वास भी मिलेगा। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता लगाने और रोकने के लिए तकनीकों का सही उपयोग करना चाहिए। यह फैसला न केवल ग्राहकों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि बैंकों को भी उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए मजबूर करेगा। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। इस फैसले के तहत भारतीय स्टेट बैंक को एक ग्राहक को 94,204 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। यह मामला 18 अक्टूबर 2021 को हुए एक अनधिकृत लेन-देन के मामले से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है और एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया गया है। यह फैसला ग्राहकों को समय पर शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और बैंकों को उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मेहराबान करेगा। ग्राहकों को अब यह आशा है कि उनकी शिकायतों की ठीक कार्रवाई की जाएगी और उनके नुकसान की पूर्ति होगी।

# भूगर्भ में छिपा हुआ है हाइड्रोजन का विशाल भंडार

## दुनिया को लगभग 200 साल तक कर सकता है बिजली सप्लाई

**वॉशिंगटन ।**

आधुनिक वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के भूगर्भ में छिपा हुआ हाइड्रोजन अद्वितीय संसाधन हो सकता है जो पूरी दुनिया को लगभग 200 साल तक बिजली सप्लाई कर सकता है। यह खोज एक नया मार्ग प्रदर्शित कर सकती है। हालांकि, हाइड्रोजन हाइड्रोजन के बारे में कुछ बुनियादी सवाल उठाए जा रहे हैं। भंडारण की अवधि, उत्पादन प्रक्रिया और उपयोग के प्रकार पर विचार किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्राकृतिक संसाधन में ऐसी दुर्लभता मौजूद है जो सभी पूर्वानुमानों को छुड़ा सकती है। यह जनस्वास्थ्य, वायुप्रदूषण और ऊर्जा संयंत्रों के साथ सांचा हिट कर सकता है। जबकि शोधकर्ता इस संसाधन को पहचान चुके हैं, उन्हें इसे उत्पादित करने के लिए कैसे निकालेंगे और कैसे वैश्विक स्तर पर इसे लागू करेंगे, यह भी सोचने लायक सवाल है। आखिरकार, जब हम अपने पर्यावरण के लिए उर्जा की जरुरत से सजग हो रहे हैं, हाइड्रोजन का संसाधन समय की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद कर सकता है।



# तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

**इंदौर ।** भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रूपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।व्यापारियों के अनुसार मुंबई पोर्ट पर लेमन तुअर 6900 सफेद तुअर 6500 तथा उड़द का 7800 रुपए प्रति क्विंटल पर पर कारोबार हो रहा है।

# इंडो फार्म का शेयर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

## - बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की

**नई दिल्ली ।** इंडो फार्म इक्विपमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 215 रुपये से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 20.18 प्रतिशत का बढ़त दिखाता है। इसके बाद यह 33.44 प्रतिशत चढ़कर 286.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 256 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,355.30 करोड़ रुपये रहा। इंडो फार्म इक्विपमेंट के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले दिनों बोली के अंतिम दिन तक 227.57 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 260 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 204-215 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इंडो फार्म इक्विपमेंट ट्रैक्टर, पिक एंड कैरी क्रेन और अन्य कृषि उपकरण बनाती है।

# स्मार्टफोन कलपुर्जों पर शुल्क कटौती से प्रभावित होगा इलेक्ट्रॉनिक परिवेश: जीटीआरआई

## - व्यवसायिक उत्पादन को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2025-26 के सरकारी बजट में स्मार्टफोन के कलपुर्जों पर सीमा शुल्क में कटौती की पूर्वानुमानित सूचनाएं भारतीय व्यावसायिक सेक्टर को लेकर चिंताजनक संकेत दे रही हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने इस विषय पर अपनी रिपोर्ट में दावा किया है। जीटीआरआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्मार्टफोन उद्योग ने वर्ष 2023-24 तक भारत के लिए बड़े निर्यात का दरवाजा खोला है। इसका निर्यात 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, सीमा शुल्क में कटौती की संभावना पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि ऐसी कटौती से व्यवसायिक उत्पादन को नुकसान पहुंच सकता है। यह उत्पादन में कमी लाने, निवेश की कमी करने और नौकरियों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस स्थिति से बचने के लिए शुल्क में कटौती की बजाय कंपनियों को अपने भंडारण और आयात की क्षमता में सुधार करने की आवश्यकता है। जीटीआरआई के अनुसार, इस निर्णय से भारत के व्यावसायिक सेक्टर पर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को सख्ती से कुछ सरल और कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

## उर्जा शेयरों में रही तेजी

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से घरेलू शेयर ऊपर आया है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। आज उर्जा शेयरों में तेजी से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी जैसे शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 234.12 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 91.85 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,707.90 के स्तर पर बंद हुआ। आज स्मॉल-कैप शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आया। टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

दूसरी ओर जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही।

आज अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में इंट्राडे ट्रेड में उछाल आया। बाजार जानकारों के अनुसार उर्जा शेयरों से बाजार उछला। इसके अलावा रिलायंस




इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में तेजी ने भी बाजार को सहारा मिला।

अन्य बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में उछाल से एशिया-प्रशांत बाजारों में तेजी रही। एसएंडपी 500 और नैस्डैक लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया के शेयरों में बड़ा उछाल आया।

ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के शेयर सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। इसका असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 359.41 अंक चढ़कर 78,324.40 के लेवल पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी 134.40 अंकों की बढ़त के साथ 23,750.45 के स्तर पर खुला।

# भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक, सीईएस में जारी रहेगी: शीर्ष अधिकारी

## - प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 10 जनवरी तक चलेगा

**लास वेगास ।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और उम्मीद की जा रही है कि यह सीईएस में जारी रहेगी। सीईएस, दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, 10 जनवरी तक चलेगा। यहां वैश्विक कंपनियां नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी भाग लेंगे। 1,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे। केली ने कहा कि भारत तेजी से एक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है और इसका महत्व वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में बढ़ रहा है। उन्होंने इस संस्थान से भारतीय कंपनियों के साथ विकास के लिए साझेदारी की बात कही। सीईएस में पहली बार भारतीय मंडप समेत कई छोटे उद्यम शामिल होंगे, जिसे उन्होंने रोमांचक बताया। बड़ी तथा छोटी कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान को प्रदर्शित करेंगी। संगठन अनुसार 300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रौद्योगिकी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगें। सीईएस एक अवसर है जहां विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

# चीनी होगी महंगी, 11 रुपए बढ़ सकते हैं दाम

## - किसानों को होगा फायदा पर आम आदमी की कटेगी जेब

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने किसानों और चीनी संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में बढ़ोतरी करने पर विचार करने का ऐलान किया है। इन मांगों की वजह से जल्द ही मीठा खाना महंगा हो सकता है। चीनी का एमएसपी वर्ष 2019 के बाद से बना हुआ है और अभी 31 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जो कि खुदरा बाजार में भी इसके दामों में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि सरकार जल्द ही फैसला लेगी कि एमएसपी में क्या बढ़ोतरी की जाए। भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ और राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने भी एमएसपी को बढ़ाने की मांग की है। एमएसपी का बढ़ना चीनी उत्पादन की लागत को दर्शाएगा और चीनी मिलों को आर्थिक मदद पहुंचाएगा। अगर एमएसपी बढ़ेगा तो इससे खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। चीनी की महंगाई से मिठाइयों सहित खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं। अगर चीनी का एमएसपी बढ़ाया जाता है तो इससे मिलों को आर्थिक मदद मिलेगी और किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी जल्दी होगा। फंड की कमी की वजह से अक्सर चीनी मिलों के पास गन्ना



किसानों का हजारों करोड़ रुपये बकाया रह जाता है।

चीनी का एमएसपी बढ़ाने जाने का मतलब होगा कि इसे तय कीमत से कम दाम पर खरीदा नहीं जा सकेगा। जब चीनी का एमएसपी ही करीब 11 रुपये बढ़ जाएगा तो निश्चित रूप से खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमत बढ़ेगी और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा। चीनी महंगी होने से मिठाइयों सहित खाने-पीने की ज्यादातर चीजों के दाम बढ़ सकते हैं।

# वीहांत टेक्नोलॉजीज ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र से जुटाए 90 लाख डॉलर

## अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली ।**

कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सुरक्षा तथा निगरानी समाधान प्रदाता वीहांत टेक्नोलॉजीज ने टू नॉर्थ के 'प्राइवेट क्रेडिट फंड' से गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये वित्तपोषण के एक दौर में 90 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 77 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि वीहांत ने अपनी वर्तमान पेशकशों को बढ़ाने तथा विमानन सुरक्षा, स्मार्ट शहरों और उद्यम विश्लेषण के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ाने हेतु 75 प्रतिशत धनराशि खर्च करने की योजना बनाई है। वीहांत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि टू नॉर्थ से जुटाई गई यह धनराशि हमें विमानन सुरक्षा, स्मार्ट और सुरक्षित शहरों और उद्यम विश्लेषण समाधानों के क्षेत्रों में और अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने और उन्हें पेश करने में मदद करेगी। यह हमें पश्चिम एशिया तथा यूरोप में भौगोलिक विस्तार में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) के जरिये जुटाई गई राशि 2026 तक 12 से 18 महीनों के भीतर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने और कंपनी को सूचीबद्ध कराने की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच 'कैंडेरे फॉर्मेट' में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।

# आसमान से गिरे सुनहरे रंग के पत्थर निकली आग

## बच्चे ने खेलते-खेलते पॉकेट में रखा कपड़े और पैर जला





**कटिहार।** से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक सुनहरे रंग का पत्थर आसमान से गिरा और हाथ में रखते ही उसमें आग लग गई। इस घटना को देखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। पत्थर को लेकर गांव में तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। घटना मनिहारी नगर क्षेत्र की वार्ड संख्या 10 की है। सोमवार को बासुदेव सिंह के घर पर अचानक ये पत्थर गिरा। इसके बाद घर से धुआं निकलने लगा। इससे परिवार के सभी सदस्य घबराकर बाहर निकल आए। जब उन्होंने आंगन में देखा तो नारंगी रंग के अजीब पत्थर के टुकड़े बिखरे पड़े थे। इस बीच पड़ोस के बच्चों ने उनमें से एक टुकड़ा खेलते हुए अपनी जेब में रख लिया। लेकिन अचानक वह टुकड़ा जल गया। इससे बच्चे की पैंट और जांघ का हिस्सा भी जल गया। बच्चे ने जैसे-तैसे पत्थर को जेब से बाहर निकाला। देखा तो उसकी उंगली भी झुलस गई। बासुदेव सिंह बताते हैं कि 'पत्थर के सभी टुकड़ों को उठाकर एक साथ रखा गया। कुछ समय बाद पत्थर के सभी टुकड़ों ने अपने आप आग पकड़ ली। इसे देखकर हम और पड़ोस के लोग दहशत में आ गए। इसके बाद हमने एक टुकड़े को पानी में रखा, जो अब तक सुरक्षित है।' पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। कुछ लोग इसे अशुभ संकेत मान रहे हैं, तो कुछ इसे ईश्वरीय चमत्कार बता रहे हैं। वार्ड नंबर 10 के पार्षद प्रतिनिधि बंटी सिन्हा ने इसे अपनी जिंदगी की पहली ऐसी घटना बताया है।

मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने इसे दुर्लभ और असामान्य घटना बताया है। उन्होंने प्रशासन से इन टुकड़ों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात वस्तु को न छुएं और तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

वरिष्ठ अधिवक्ता और उल्कापिंड मामलों के विशेषज्ञ प्रद्युमन ओझा ने बताया, 'यह घटना उल्कापिंड (Meteorite) से जुड़ी हो सकती है। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय उल्कापिंड ज्यादा फ्रिक्शन के कारण जलने लगते हैं। जमीन पर गिरने तक कई टुकड़ों में बंट जाते हैं। इन टुकड़ों में गर्मी और रिएक्टिव हो सकती है।'

## आईजीआईएमएस हार्ट के मरीजों के लिए घर जाकर इलाज करने वाली कोरोनरी केयर की सुविधा बंद

**पटना।** हार्ट के मरीजों को किसी तरह की परेशानी होने पर घर जाकर इलाज करने के लिए मोबाइल कोरोनरी केयर यूनिट की सुविधा इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में बहाल हुई थी। कई वर्षों तक यह सेवा संचालित हुई। अब यह सेवा पूरी तरह बंद कर दी गई है। बताया गया कि मैनपावर की कमी के कारण यह सेवा बंद हो गई। वहीं आईजीआईएमएस ने भी तीन साल पहले मोबाइल कार्डियक केयर यूनिट की सेवा शुरू की थी। मकसद था कि 24 घंटे में हार्ट के मरीज को परेशानी हो खासकर बुजुर्ग दंपति जो घर में अकेले रहते हैं उनके लिए यह सेवा उपयोगी होगी। एक न्यूनतम शुल्क रखा गया था। फोन पर सूचना मिलने पर डॉक्टर एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस लेकर जाते थे। मरीज की जांच करते थे। दवा देते थे। यदि मरीज की स्थिति भर्ती करने लायक होने पर मरीज को उसी एंबुलेंस से अस्पताल लाकर भर्ती करके थे। कुछ महीनों तक यह सेवा बहाल रही। यह सुविधा पटना के शहरी क्षेत्र तक ही सीमित था। घर जाकर इलाज करने का शुल्क 1500 रुपए निर्धारित था। यह सेवा कोरोना काल से ही बंद है। बाद में मैनपावर की कमी बताकर आईजीआईएमएस ने भी यह सेवा बंद कर दी।

# ट्रक ने दिव्यांग को कुचला मौत



**लखीसराय।** के सूर्यगढ़ा मे बालू लदे एक ट्रक ने मंगलवार को एक दिव्यांग व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-80 की है। मृतक की पहचान सैदपुर निवासी छबीला साव के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक पान की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-80 पर जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक रोज की तरह अपने घर से पान की दुकान की और जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार में आ रहे बालू लदे ट्रक उसे कुचलते हुए फरार हो गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि छबीला साव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ठल्ह-80 को जाम कर दोषी ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही सूर्यगढ़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि दोषी ट्रक चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मुआवजा देने की मांग की मृतक के परिजनों ने बताया कि वह पान की दुकान चलाकर अपने परिवार को चलाते थे।

उनके भरोसे ही पूरे परिवार का भरण पोषण चलता था। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

# गोपाल मंडल मेरे जूनियर उनकी बातों को तुल न दें



**पटना।** बिहार के भागलपुर के जदयू विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर अपने विवादित बयान के कारण सुर्खियों में हैं। इढरउ छात्रों के चल रहे आंदोलन को लेकर उन्होंने ऐसा बयान दिया, जिसने न केवल छात्रों बल्कि आम जनता को भी आक्रोशित कर दिया। गोपाल मंडल ने कहा, आंदोलन के दौरान एक-दो छात्रों की मौत होती है, तो यह कोई बड़ी बात नहीं है।र इस बयान के बाद बीपीएससी छात्रों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। छात्रों ने इसे उनकी असंवेदनशीलता और जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही का उदाहरण बताया है। विरोध प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर भी इस बयान की तीखी आलोचना हो रही है। जदयू के वरिष्ठ नेता की प्रतिक्रिया जब जदयू के ही वरिष्ठ नेता और झाझा से तीन बार विधायक रहे और पूर्व भवन निर्माण मंत्री दामोदर रावत से इस पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा, गोपाल मंडल मेरे जूनियर हैं और वे हमेशा अपने बेतुके बयानों के लिए जाने जाते हैं। उनकी बातों को तूल देने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्होंने गोपाल मंडल को सलाह दी कि विधायक होने के नाते उन्हें संयमित रहना चाहिए और सोच-समझकर बयान देना चाहिए। जनसुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर द्वारा BPSC के मुद्दे पर किए गए धरना प्रदर्शन पर दामोदर रावत ने कहा, विपक्ष में रहने वाले लोग धरना प्रदर्शन करते ही रहते हैं। उनका मानना है कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने की बजाय समस्या का समाधान खोजा जाना चाहिए। गुलाब रावत फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान बातचीत दामोदर रावत ने यह बयान भागलपुर में आयोजित गुलाब रावत फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए और ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए जो जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाए। विवाद और जिम्मेदारी का सवाल गोपाल मंडल का यह बयान एक बार फिर यह सवाल उठाता है कि क्या जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक मंचों पर अपनी भाषा और विचारों को नियंत्रित करना चाहिए।

इस तरह के बयान न केवल जनता की भावनाओं को आहत करते हैं, बल्कि राजनीतिक दलों की छवि पर भी सवाल खड़े करते हैं।

## पथ निर्माण विभाग की गाड़ी ने सात को रचाया सीवान में सीएम के आने से पहले हुआ हादसा



**सीवान।** के दरौंदा थाना क्षेत्र में एनएच 531 पर सिरसाव मठिया के पास मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पेट्रोलिंग कर रही पथ निर्माण विभाग की एक गाड़ी ने रॉंग साइड से आकर पांच बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस हादसे में करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। बता दें कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सीवान दौरे पर है और घटना उनके आने से कुछ समय पहले हुई। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सभी घायल भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के निवासी हैं। जिनकी पहचान विनोद बिंद(19), करण बिंद(12), निशा कुमारी(14), गोरख बिंद(28), रौशन बिंद(20) और ममता देवी के रूप में हुई हैं। सीवान से आरा जा रहे थे सभी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सभी लोग पांच बाइक पर सवार होकर सीवान से आरा जिले के कल्याणपुर जा रहे थे। घटना मंगलवार की सुबह करीब 8:00 बजे हुई। बताया कि पेट्रोल पंप के पास पथ निर्माण विभाग की गाड़ी ने बेकाबू होकर सभी बाइक को टक्कर मार दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया था। जिससे यह हादसा हो गया सभी घायलों का चल रहा इलाज दरौंदा थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया की एक बोलेरो गाड़ी से दुर्घटना की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई और घायलों को स्थानीय लोगों के सहायता से अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, एक की मौत



**बगहा।** में सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि मृतक की पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। घटना बगहा के गोबरहिया स्थान की है। मृत युवक की पहचान महाराजगंज जिला के शीतलापुर गांव निवासी राम केवट गुप्ता (40) के रूप में की गई है, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसा तब हुआ जब वे अपने जमीन की मिट्टी का शोधन करने के लिए बगहा के प्रतापपुर जा रहे थे। मृतक के साले अमरजीत ने बताया कि दो बाइक पर चार लोग सवार थे। एक बाइक पर राम केवट और उनकी पत्नी बैठे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम केवट की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 112 डायल सेवा को दी। सूचना मिलते ही लौकारिया थानाध्यक्ष अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने राम केवट को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी का इलाज अस्पताल में जारी है। मिट्टी दिखाने बगहा आए थे परिजनों ने बताया कि मृतक राम केवट उत्तर प्रदेश में अपने घर के निर्माण के लिए मिट्टी दिखाने बगहा के प्रतापपुर जा रहे थे।

## संक्षिप्त डायरी

### हत्या के मामले में 3 अभियुक्त को उम्रकैद



**मधेपुरा।** के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में 4 साल पहले सोए अवस्था में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है। मधेपुरा व्यवहार न्यायालय के एडीजे-8 की अदालत ने बिहारीगंज थाना क्षेत्र के राजगंज निवासी नारायण साह, सुभाष साह व बैनी यादव को सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक नूर आलम ने बताया कि मधेपुरा जिले के बिहारीगंज राजगंज के सुबोध साह ने अपने पिता की हत्या के मामले में बिहारीगंज थाना में कांड संख्या 67/20 के तहत मामला दर्ज कराया था। सूचक का आरोप था कि 10 मार्च 2020 की रात सोए में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर उनके पिता की हत्या कर दी थी। 10 मार्च 2020 को गोली मारकर की थी हत्या सूचक ने बताया कि 10 मार्च 2020 को उनके पिता भूपनारायण साह और माता शांति देवी अपने बासा पर सोए हुए थे। रात करीब 12.45 बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके कुछ देर बाद भतीजा दौड़ कर घर आया और बताया कि दादा को किसी ने गोली मार दी है। इस सूचना पर तुरंत अपने बासा पहुंचे तो देखा कि पिताजी को सिर के ऊपरी भाग में गोली लगी हुई थी और वह खून से लथपथ था। डर से मां बेहोश हो गई थी। गोली लगने से पिताजी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद अगल-बगल के लोगों को बुलाया और बिहारीगंज थाना को सूचना दिए। पुलिस ने इस मामले में अनुसंधान के दौरान नारायण साह, सुभाष साह व बैनी यादव को नामजद अभियुक्त बनाया था। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने तथा अंतिम सुनवाई के बाद तीनों को उम्रकैद व 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही 27 आर्म्स एक्ट में पांच साल की सजा व पांच हजार का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने कहा कि सभी सजा साथ-साथ चलेगी।

### जापान से आइडिया लेकर बनाया जुगाड़ वाला ट्रैक्टर



**बेगूसराय।** के चेरिया बरियारपुर के किसान ने खेती में जुगाड़ के इस्तेमाल से कमाल कर दिखाया है। मेहदा शाहपुर के रहने वाले किसान अखिलेश रंजन ने एक ऐसा ट्रैक्टर बनाया है, जिससे रासायनिक दवा का छिड़काव करने में किसानों को न सिर्फ 80 फीसदी तक लागत की बचत हो रही है, बल्कि उनका समय भी बच रहा है। अखिलेश रंजन एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर खेती करने के साथ-साथ प्राइवेट कंपनी में खेती से जुड़े काम करते हैं। अपनी खेती और किसानों के बीच आने-जाने के दौरान उन्हें लगा कि किसानों को अपने फसल की रक्षा करने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करने में काफी परेशानी होती है। जापान में यूज होने वाला ट्रैक्टर देखा, तो आया आइडिया अखिलेश बताते हैं कि जब किसानों की समस्याओं को देखा, तो यूट्यूब और गूगल पर सर्च करना शुरू किया, जिसमें मुझे जापान में खेत में उपयोग होने वाला ट्रैक्टर दिखा। जानकारी जुटाई तो पता चला कि इस ट्रैक्टर की मदद से जापान के किसान घंटों नहीं, बल्कि मिनटों में अपने खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे कर लेते हैं। काफी स्टडी करने पर अखिलेश ने पाया कि न केवल जापान बल्कि भारत में पंजाब में भी ऐसे ट्रैक्टर का उपयोग होता है। ये देख उनके दिमाग में तुरंत आइडिया आया। उनके पास पहले से एक ट्रैक्टर था। फिर अखिलेश ने करीब 3 लाख रुपए खर्च कर विदेश से पाइप और टंकी सहित अन्य मशीन मंगवाया। अब परेशानी थी कि ट्रैक्टर में मशीन तो लग जाएगा, स्प्रे भी आसानी से हो जाएगा, लेकिन ट्रैक्टर का पहिया काफी मोटा होता है। अगर फसल में चलेगा तो इससे फसल की क्षति होगी। इसके बाद उन्होंने इसका भी जुगाड़ निकाला। मैकेनिक से बात की और पहले के समय में तांगा में लगने वाले डिजाइन का लोहे का मजबूत चक्का बनवाया। ट्रैक्टर के मैकेनिक से रबर वाले मोटे चक्के को खुलवाकर लोहे का बनवाया गया चारों चक्का लगवा दिया।

### सरकारी स्कूलों के छात्रों में से अच्छे खिलाड़ी तलाशे जाएंगे, ट्रेनिंग मिलेगी

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में से अच्छे खिलाड़ियों की तलाश होगी। चीन की तरह ही राज्य में स्कूल स्तर पर ही खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्हें प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। स्कूली स्तर पर खिलाड़ियों के चयन के लिए 38 हजार सरकारी स्कूलों में 7 से 9 जनवरी तक 3 दिवसीय खेल प्रतियोगिता होगी। मशाल-2024 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में सफल स्टूडेंट्स को राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इसमें जो सफल होंगे, उन्हें सरकार की तरफ से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। हालांकि खेल में शामिल करने के लिए 28 से 5 जनवरी तक छात्रों का फिजिकल टेस्ट हुआ था। 8 तरह के खेल में विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। वजन माप, शटल रन, वर्टिकल जंप, स्टैंडिग ब्रांड जंप, थ्रो, ऊंची कूद, 800 मीटर दौड़, 30 मीटर स्प्रिंट रन खेल होगा।

## नालंदा में 100 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी



**नालंदा।** जिले प्रशासनिक स्वीकृति के बाद दो महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण और दो नए पथों के निर्माण की योजना को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना पर कुल 100 करोड़ रुपए की लागत आएगी। हरनौत स्टेशन से कल्याण बिगहा और पावापुरी-छाछूबिगहा मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र के लगभग 30,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। पावापुरी से घोसरावा होते हुए छाछूबिगहा पथ, जो वर्तमान में 3.75 मीटर चौड़ा है, उसे बढ़ाकर 5.5 मीटर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 4.25 किलोमीटर लंबी नई सड़क बनाई जाएगी। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे की जमीन सहित कुल 13 रैयतों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। कल्याणबिगहा बाइपास के निर्माण के लिए 2.60 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।बेगमपुर से सिलाव के बीच 9.05 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की योजना भी स्वीकृत की गई है, जिस पर 54.22 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह मार्ग क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जिसकी डीपीआर बनाकर सरकार के पास भेज दी गई है। हालांकि इसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इसके बनने से दो दर्जन से अधिक गांवों के 35 हजार से अधिक की आबादी चौड़ी सड़क से सीधा जुड़ जाएगी।

इस परियोजना से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। निर्माण कार्य अगले माह से शुरू होने की संभावना है।

# बीपीएससी 70वीं पीटी मामले पर एससी का सुनवाई से इनकार

## याचिकाकर्ता से कहा- हाईकोर्ट का मामला है, वहीं जाइए





**पटना।** BPSC 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिकर्ता को हाईकोर्ट में अपील करने के लिए कहा है। याचिका में इस परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई थी। साथ ही प्रदर्शन के दौरान कैंडिडेट्स पर किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार जिले के SP और DM के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने की गुहार भी लगाई गई थी। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सुनवाई के करते हुए कहा कि आपको आर्टिकल 226 के तहत पटना हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि बिहार पुलिस ने किस तरह से प्रदर्शनकारियों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया है। इसके बाद काउंसिल ने कहा कि हाईकोर्ट का मामला है। आप वहीं जाइए। याचिका, आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने परीक्षा के दौरान व्यापक धांधली होने का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में उ़कसे कराए जाने की भी मांग की गई थी। BPSC प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने पर गिरफ्तारी से पहले प्रशांत किशोर ने कहा था कि 'हमसे जुड़े किसी भी ट्रस्ट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर नहीं की गई है। जनसुराज पार्टी पटना हाईकोर्ट में 7 तारीख को याचिका दायर करेगी। हमारे वकील का कहना है कि अगर हम सीधा सुप्रीम कोर्ट जाएंगे तो याचिका खारिज कर दी जाएगी। ऐसे में पहले पटना पटना हाईकोर्ट में जाना सही रहेगा।' 5 बार पदों को अपडेट किया, 3 बार एग्जाम की डेट बढ़ी BPSC 70वीं कंबाइंड सिविल सेवा परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन 20 सितंबर 2024 को जारी किया गया था। 1964 पदों पर भर्ती निकली थी। यह BPSC के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में सबसे बड़ी वैकेंसी है, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से ही असमंजस की स्थिति बनी रही। ऐसा इसलिए क्योंकि 5 बार पदों को अपडेट किया गया। एग्जाम डेट 3 बार बढ़ाई गई। एग्जाम से पहले नॉर्मलाइजेशन को लेकर काफी विरोध हुआ। आयोग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज हुआ। स्टूडेंट्स के सपोर्ट में सड़क पर उतरे खान सर और गुरु रहमान को पुलिस ने हिरासत में लिया। हालांकि, कुछ घंटों के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। छात्र नेता दिलीप को जेल की हवा खानी पड़ी। वहीं, 13 दिसंबर को पीटी परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों ने पटना के बापू सेंटर पर जमकर हंगामा किया। क्वेश्चन पेपर देरी से पहुंचने को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ।

## बेहतर करियर चाहिए तो इन बातों का रखें ध्यान, कामयाबी कदम चूमेगी!

एक अच्छा करियर ऑप्शन बेहतर भविष्य की सीढ़ी की तरह होता है. अच्छे परफॉर्मेंस की रेस और बोर्ड परीक्षा में स्कोर करने के लिए एक छात्र को कितनी मेहनत करनी पड़ती है, इसका फल तभी मिलेगा जब वह सही करियर का रास्ता चुने, लेकिन इसे कैसे किया जाए, यह एक बड़ा सवाल बन जाता है. आइए आज हम आपको ऐसे जरूरी टिप्स के बारे में बता रहे हैं जो 12वीं क्लास पास करने के बाद एक बेहतर करियर विकल्प चुनने में आपकी मदद कर सकते हैं.

### सोचकर रिसर्च करें

12वीं क्लास के बाद अपना करियर चुनने से पहले अपनी रूचि पर ध्यान दें. अब जब आपकी बोर्ड परीक्षा खत्म हो चुकी है, तो उस विशेष विषय के बारे में सोचें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हो. आप साइंस स्ट्रीम, कॉमर्स या ह्यूमैनिटीज में हो सकते हैं लेकिन एक ऐसा विषय होना चाहिए जिसे आप खुद से पढ़ते हों, उस एक विषय को ढूंढते हैं और जानकारी जुटाते हों. सबसे पहले उस विषय के बारे में सोचें और तब भविष्य में उस ऑप्शन के स्कोप पर विचार करें और रिसर्च करें.

### सलाह भी जरूरी है

अगर आप किसी खास विषय में करियर बनाने का मन बना रहे हैं. उस विषय में आगे बढ़ने से पहले अपने माता-पिता, दोस्तों, आस-पड़ोस के शिक्षित लोगों और अपने टीचर से बात करें. उनकी सलाह ले सकते हैं. जो भी डाउट्स हैं उन्हें क्लियर करें और तब करियर का चुनाव करें.

### कोर्स से जॉब तक के लिए मार्केट रिसर्च करें

करियर का चुनाव करने से पहले मार्केट रिसर्च अच्छा ऑप्शन है. आप जिस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी ले लें जैसे उसकी पढ़ाई कहां-कहां से हो सकती है, कहां कितनी फीस ली जा रही है, उस कोर्स के बाद क्या और कहां जॉब ऑप्शन्स हैं, फ्यूचर में इसका कितना स्कोप है आदि.

### भेड़ चाल से बचें

अकसर छात्र दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से इन्फ्लुएंस होकर भेड़ चाल यानी दोस्तों के पीछे-पीछे बेहतर करियर की तलाश में निकल पढ़ते हैं. कई बार ये आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन इससे अच्छा है कि आप खुद पर विश्ववास रखें और अपनी योग्यता, क्षमता, रूचि और ज्ञान के आधार पर सही करियर का चुनाव करें.

### पसंद-नापसंद की लिस्ट बनाएं

उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिन्हें आप पसंद और नापसंद करते हैं. उदाहरण- आपको कौन से विषय सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्या आप आर्ट्स में रुचि रखते हैं, क्या आप साहसी हैं, क्या आप कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग आदि में रुचि रखते हैं. अपनी पसंद और नापसंद के आधार पर अपने लिए सही करियर चुनें.

### शॉर्ट-टर्म कोर्स कर सकते हैं

अगर आप किसी विषय में परफेक्ट हैं और उसी से संबंधित फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो शॉर्ट टर्म कोर्स भी अच्छा ऑप्शन है. इन दिनों कई टॉप कॉलेज छात्रों के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में एडमिशन देते हैं. आपको सिर्फ थोड़ा सर्च करने की जरूरत है.




## नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखें

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।


### इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत

नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है। नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।




## कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस

स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

### पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लाइंट को ढूंढना होगा और उनको डील करानी होगी।

### आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

### ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नही मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।

### मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।

## एजुकेशन लोन डिफॉल्ट छात्रों का क्रेडिट स्कोर हो सकता है खराब

सब्सिडी या कम ब्याज पर दिए गए एजुकेशन लोन में बढ़ रहे डिफाल्ट के मामलों के बारे में क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी सिबिल कहा कि इस तरह की डिफॉल्ट हिस्ट्री छात्रों के क्रेडिट स्कोर पर विपरीत असर डाल सकती हैं जो कि उनकी ओर से भविष्य में लिए जाने वाले किसी अन्य लोन में मुसीबतें पैदा करेगा।

कम राशि में डिफॉल्ट के मामले ज्यादा

सिबिल ने बताया कि एजुकेशन लोन पर इस तरह के डिफॉल्ट मामले करीब 5 फीसदी हैं, जिनमें 90 दिनों से ज्यादा का ड्यूज है। कम ब्याज दरों पर 4 लाख से कम राशि के लोन के डिफॉल्ट के मामले (8.1 फीसदी) लंबी राशि के लोन के मुकाबले ज्यादा हैं। अन्य श्रेणियों के लिए तुलनात्मक डिफॉल्ट दरें हैं, 4 से 5 लाख के लिए 4.8 फीसदी और 5 से 15 लाख के लिए 2.1 फीसदी। वहीं 15 लाख के ऊपर की राशि के बड़े लोन पर डिफॉल्ट के मामले करीब 1 फीसदी हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर

आपका क्रेडिट स्कोर दरअसल आपकी ओर से पूर्व में लिए गए लोन और उसके चुकाने का ब्योरा भर होता है। बैंक आपके लोन की अर्जी को आपका क्रेडिट स्कोर चेक करने के बाद ही मंजूर करता है। अगर, अपका क्रेडिट स्कोर बेहतर है तो बैंक आपको आसानी से लोन मुहैया करा देते हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर और इसे कौन देता है

क्रेडिट स्कोर तीन अंको की एक संख्या होती है, जो 300 से 900 के बीच होती है। क्रेडिट स्कोर जितना अधिक होता है, उसे उतना ही बेहतर माना जाता है। एक डिफॉल्ट करने पर भी क्रेडिट स्कोर कमजोर हो सकता है। 79 फीसदी व्यक्तिगत लोन 750 से ज्यादा के स्कोर पर ही अप्रूव किए जाते हैं। क्रेडिट इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड क्रेडिट स्कोर देता है।

घर बैठे चेक करें अपना क्रेडिट स्कोर

आप सिबिल की वेबसाइट पर जाइए। यहां आपको एक फॉर्म भरना होगा। आपको शुल्क के रूप में 470 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके बाद ऑथेन्टिकेशन के लिए आपसे पांच सवाल पूछे जाएंगे जिनमें से कम से कम तीन सवालों के सही जवाब आपको देने ही होंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आप अपना क्रेडिट स्कोर देख सकते हैं।



# जसप्रीत बुमराह 2024 के सबसे सफल गेंदबाज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** साल 2024 जसप्रीत बुमराह के लिए बेहद शानदार रहा। उन्होंने पूरे साल जबरदस्त मेहनत की, लेकिन इसका असर 2025 की शुरूआत में दिखाई दिया, जब वह चोटिल होकर रेस्ट पर चले गए। बुमराह की वजह से टीम इंडिया ने पिछले साल कई बड़े मैचों में जीत दर्ज की। चाहे टी20 वर्ल्ड कप हो या टेस्ट सीरीज, बुमराह के योगदान के बिना भारतीय टीम काफी कमजोर नजर आई। वे इस साल टेस्ट क्रिकेट में विश्व में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। लेकिन इसके साथ ही उनके नाम एक बुरा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। जसप्रीत बुमराह ने 2024 में जबरदस्त उपलब्धि हासिल की। उन्होंने इस साल जब पहला मैच खेलना शुरू किया था, तो 32 मैच में उनके खाते में 132 विकेट दर्ज थे। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने 6 विकेट झटके और उसके बाद तो यह साल केवल बुमराह के नाम पर रहा। उन्होंने पूरे साल 13 मैच खेले और उनमें 71 विकेट लेकर विश्व में सबसे ज्यादा 2024 कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। इसी साल उन्होंने पहले 150 विकेट फिर अपने विकेटों की संख्या 200 के पार पहुंचा दी। कुल 44 मैचों में सबसे कम एवरेज के साथ विकेट लेने वाले जसप्रीत ने 203 शिकारों के साथ 2024 समाप्त किया। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 32 विकेट लेकर बीएस चंद्रशेखर के 53 साल पुराने एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। हालांकि वे एक साल में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने का कपिल देव का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, जिन्होंने 1983 में 75 विकेट लिए थे।






**2024 में सबसे ज्यादा 0 पर आउट हुए बुमराह**

लेकिन बुमराह ने एक कभी न चाहने वाला रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वे इस साल सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 13 मैच की 19 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 26 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 97 रन बनाए। लेकिन इस दौरान वे 8 बार शून्य पर आउट हुए। यह साल में किसी भी बल्लेबाज का सबसे ज्यादा डक स्कोर रहा। बुमराह इस दौरान 5 बार नॉट आउट भी रहे। इतना ही नहीं उन्होंने इस साल 4 छक्के भी लगाए। उनसे कम दूसरे नंबर पर 7 खिलाड़ी रहे जो 5 बार डक पर आउट हुए। केशव महाराज, मार्क वुड, लाहिरू कुमारा, असित फर्नांडो, विल ओह्लरूर्के, मोमिनुल हक, शोएब बशीर ये पांच खिलाड़ी रहे जो शून्य पर आउट हुए।

# पीएम मोदी की वजह से पैरा एथलीटों का सम्मान बढ़ा है : सुभाष राणा


एजेंसी

**नई दिल्ली :** 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इस बार उत्तराखंड कर रहा है। उत्तराखंड में इन खेलों के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों और कोचों में काफी उत्साह है। इन खेलों के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को मिलने वाले लाभ और सुविधाओं को लेकर द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चयनित पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में खुलकर अपने विचार रखे। हिन्दुस्थान समाचार को दिये साक्षात्कार में उन्होंने कहा, ₹उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलना बहुत बढियां हैं, पहले हम सोचते थे कि यहां आधारभूत सुविधाओं के उपलब्ध होने में हमें 15 से 20 साल लगेंगे, लेकिन अब इस आयोजन के दौरान खेलों के लिए इतना बड़ा



आधारभूत ढांचा उत्तराखंड में तैयार हो जाएगा,इसकी उम्मीद नहीं थी, इन खेलों के आयोजन से स्थिति बदलेगी और अन्य प्रदेशों के खिलाड़ी भी यहां आने लगेंगे, सबसे बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों का पलायन रूक जाएगा। हम पहले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए लेकर बाहर जाते थे, लेकिन अब आधारभूत ढांचा तैयार हो जाएगा और हमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए बाहर ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पैरा एथलीटों के हालात में हुए सुधार पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ₹हमारे प्रधानमंत्री जी का खिलाड़ियों को लेकर काफी उत्साह रहता है। 2014 से पहले पैरा एथलीटों की उतनी पूछ नहीं थी, लेकिन उसके बाद पैरा एथलीटों को लेकर लोगों में उत्साह भी बढ़ा है। पहले और अब में काफी अंतर है, पहले इतनी सुविधाएं भी नहीं थी। 2014 के बाद से सुविधाएं भी बढ़ी हैं और प्रधानमंत्री जी की वजह से सम्मान भी बढ़ा है, उन्होंने पैरा खेलों को लेकर जो रूचि दिखाई है, उसका काफी फायदा हुआ है। सामान्य एथलीट और पैरा एथलीटों को उन्होंने बराबरी पर ला दिया, जिससे पैरा एथलीटों के लिए नौकरी के भी मौके खुलने लगे, और जिस तरह से वे बड़े टूनार्मेंटों में जाने से पहले मिलते हैं और पदक जीतने के बाद ही फोन पर बात भी करते हैं, उससे प्रेरणा और आगे बढ़ने की ऊर्जा भी मिलती है। उत्तराखंड के युवा निशानेबाजों के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा, ₹देखिये हम जिस चीज में पिछड़ रहे थे, जैसे टॉप क्लास मशीन नहीं थी, आधारभूत सुविधाएं नहीं थीं, हमें ट्रेनिंग के लिए कभी भोपाल, कभी दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब जिस तरह से सरकार काम कर रही है और उम्मीद है कि आगे भी करती रहेगी, तो अब हम भविष्य में उत्तराखंड से कई बड़े खिलाड़ी और ओलंपियन तैयार कर सकते हैं और हमारी योजनाएं भी यहीं हैं। मेहनत करने में कोई कमी नहीं है, बच्चे लगे रहते हैं, लेकिन थोड़ा-थोड़ा सभी का साथ मिले तो काम हो जाएगा।

# एएफसी एशियन कप 2027 का आयोजन 7 जनवरी से, पांच स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच



एजेंसी

**नई दिल्ली :** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) एशिया कप 2027 की शुरूआत 7 जनवरी से होगी और समापन 5 फरवरी को होगा। एएफसी ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा, महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए पांच स्टेडियमों की पुष्टि की गई है, जिसमें किंग फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, किंग सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, किंगडम एरिना और अल शबाब स्टेडियम शामिल हैं। भारत द्वारा अपनी बोली वापस लेने के बाद, 2023 में एशियाई कप के 2027 संस्करण के लिए सऊदी अरब को मेजबान घोषित किया गया। पिछले संस्करण की मेजबानी कतर ने की थी। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष यासर अल मिसेहल ने कहा, एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए तारीखों की पुष्टि और स्टेडियमों का चयन करना टूनार्मेंट की मेजबानी की हमारी यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। इस साल मार्च में शुरू होने वाले क्वालीफायर के तीसरे दौर के साथ अठारह देशों ने पहले ही अपनी जगहें बुक कर ली हैं। भारत को सिंगापुर, हांगकांग और बांग्लादेश के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

# मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण जहांआरा ने क्रिकेट से लिया ब्रेक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश की अग्रणी महिला तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अनिश्चित काल के लिए क्रिकेट से ब्रेक ले लिया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) महिला विंग के प्रभारी हबीबुल बशर ने सोमवार को क्रिकबज से कहा, उसने हमें एक पत्र दिया था जिसमें कहा गया था कि वह खेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं है और उसने दो महीने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लिया है। उसने यहां तक ??कहा कि यदि आवश्यक हो, तो उसे अनुबंध में नहीं रखा जाना चाहिए। हमें इसका सम्मान करने की आवश्यकता है क्योंकि अगर किसी को लगता है कि वह मानसिक रूप से तैयार नहीं है और कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेना चाहती है, तो हमें इसे स्वीकार करना होगा। कोई विशिष्ट समय



सीमा नहीं है जिसके लिए वह बाहर रहेगी। जब भी वह ठीक महसूस करेगी, वह हमें बताएगी। जहांआरा ने अपने करियर में अब तक 52 वनडे और 83 टी20 मैच खेले हैं। जुलाई 2024 में एक साल की अनुपस्थिति के बाद वह टीम में लौटीं और उन्हें टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया, लेकिन वह किसी भी मैच में शामिल नहीं हुईं। वह आयरलैंड के खिलाफ बांग्लादेश की आखिरी घरेलू श्रृंखला का हिस्सा थीं, जहाँ उन्होंने केवल टी20 मैच खेले थे और वनडे के दौरान उन्हें बेंच पर बैठाया गया था। इस बीच, बीसीबी ने आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए महिला टीम की घोषणा की। यह बांग्लादेश की महिला टीम का वेस्टइंडीज का पहला दौरा होगा, जहाँ वे तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेंगी, जो सभी सेंट किट्स के बैसेटेरे के वार्नर पार्क में खेले जाएँगे।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ब्रेक लेंगे राहुल विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में नहीं खेलेंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बल्लेबाज के.एल. राहुल वडोदरा में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट दौर में कर्नाटक की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले राहुल ब्रेक लेंगे। 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के लिए राहुल की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो दोनों ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे, वडोदरा में कर्नाटक के लिए खेलेंगे। पडिक्कल ने पर्थ में पहला टेस्ट खेला था, जबकि प्रसिद्ध को पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुलाया गया। तेज गेंदबाज वी. वैशाख चोट के कारण नॉकआउट दौर से बाहर हो गए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक का सामना शनिवार को वडोदरा से होगा।

# टीबीसीपीएल 10 ने अपने पहले उद्घाटन टी10 टेनिस बॉल लीग की घोषणा की

एजेंसी

**दुबई :** टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग (टीबीसीपीएल10) ने मंगलवार को अपने पहले टी-10 टूर्नामेंट की घोषणा की, जिसमें आठ फ्रैंचाइजी टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 26 मई से 5 जून, 2025 तक चलेगा। यह टूर्नामेंट, जो विशेष रूप से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा, दुनिया भर के लाखों दर्शकों के लिए टेनिस बॉल क्रिकेट का रोमांच लाने का वादा करता है। रोमांचक टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में मुंबई मावेरिक्स, दिल्ली डायनामोज, बैंगलोर ब्लास्टर्स, कोलकाता किंग्स, चंडीगढ़ चैंपियंस, हैदराबाद हंटर्स,




अहमदाबाद एवेंजर्स और चेन्नई चैलेंजर्स की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की संरचना में 31 लीग मैच और उसके बाद चार प्लेऑफ गेम शामिल हैं, जो पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट के रोमांच को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे। एक व्यापक प्रतिभा खोज पहल में, टीबीसीपीएल 10 भारत के 50 शहरों में ट्रायल आयोजित करेगा, जिसमें उत्तर, पूर्व और मध्य क्षेत्रों के प्रमुख केंद्र शामिल हैं, जिससे देश के हर कोने से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। लीग 5-6 मई, 2025 को अपने उद्घाटन खिलाड़ी की नीलामी आयोजित करेगी, जहाँ आठ फ्रैंचाइज देश भर में ट्रायल के माध्यम से चुने गए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पूल से अपनी टीम बनाएंगे। क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह को टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। अपनी भूमिका को लेकर युवराज सिंह ने कहा, मैं क्रिकेट के इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। टीबीसीपीएल10 एक ऐसा पहला टूर्नामेंट है जो इतने सारे भारतीय शहरों से एक साथ पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। अब, हम इस प्रारूप को कई शहरों में पेशेवर स्तर पर ले जा रहे हैं। यह कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए एक सपना सच होने जैसा है, जिनके पास अब अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच होगा। टीबीसी प्राइवेट लिमिटेड के लीग के हिस्सेदार मोहित जून ने टूर्नामेंट के अभूतपूर्व पैमाने पर जोर दिया, उन्होंने कहा, टीबीसीपीएल 10 आठ प्रमुख भारतीय स्थानों पर एक साथ प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाली पहली पेशेवर टेनिस बॉल क्रिकेट लीग के रूप में इतिहास बना रही है। 50 शहरों में ट्रायल की योजना के साथ, हम टेनिस बॉल क्रिकेट के इतिहास में सबसे व्यापक प्रतिभा खोज नेटवर्क बना रहे हैं। युवराज सिंह के साथ जुड़ना हमारे विजन को बहुत महत्व देता है, और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ हमारी साझेदारी इस रोमांचक प्रारूप के लिए सबसे व्यापक पहुंच सुनिश्चित करती है। हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट टेनिस बॉल क्रिकेट को एक महत्वपूर्ण क्रिकेटिंग अवसर के रूप में क्रांतिकारी रूप से पेश करेगा जिसे अच्छी तरह से समझा और खेला जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### मलेशिया ओपन 2025: अंतिम 16 में पहुंची ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी



**नई दिल्ली :** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मंगलवार को मलेशिया ओपन के शुरुआती दौर में थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई को हराया। ट्रीसा-जॉली की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। अंतिम 16 में उनका सामना या तो चीन के यी फैन जिया-शू जियान झांग या मलेशिया के पेई की गो-मेई जिंग तेओह से होगा। मैच की बात करें तो पहला गेम भारतीयों ने जल्दी ही जीत लिया, हालांकि मैच के दूसरे गेम के ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी मुश्किल में थी, लेकिन ट्रीसा-जॉली ने बेहतरीन वापसी कर सुपर 1000 इवेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दिन में एक्शन में शामिल अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, अनुपमा उपाध्याय और आकर्षि कश्यप शामिल हैं।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष चुने गए बहादुर सिंह सागू




**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता पूर्व गोला फेंक खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से इस शीर्ष पद पर कार्यरत आदिले सुमारिवाला का स्थान लेंगे। 51 वर्षीय सागू, जो चार साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता था और 2000 और 2004 ओलंपिक में भी भाग लिया था। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के पद की दौड़ से बाहर होने के बाद सागू अकेले उम्मीदवार रह गए थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया। सागू ने 19 .03 मीटर के थ्रो के साथ पुरुषों की शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उनका जीवनकाल का सर्वश्रेष्ठ 20 .40 मीटर है और वह पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता भी हैं। शेष पदों के लिए कोई चुनाव नहीं हुआ, जो 2020 में पिछली एजीएम के दौरान हुआ था। दिल्ली इकाई के शीर्ष अधिकारी संदीप मेहता को निर्विरोध एएफआई सचिव चुना गया। वे निवर्तमान कार्यकारी परिषद में वरिष्ठ संयुक्त सचिव थे। स्टेनली जोन्स को कोषाध्यक्ष बनाया गया। 67 वर्षीय सुमारिवाला 2012 से एएफआई अध्यक्ष हैं और मौजूदा राष्ट्रीय खेल संहिता के तहत इस बार चुनाव लड़ने के पात्र नहीं थे। उनके कार्यकाल के दौरान, नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण और पेरिस खेलों में रजत पदक जीता। सुमारिवाला वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स कार्यकारी बोर्ड के सदस्य हैं।

### इंडोनेशिया फुटबॉल संघ ने शिन ताए-योंग को राष्ट्रीय टीम के कोच पद से हटाया




**जकार्ता :** इंडोनेशियाई फुटबॉल एसोसिएशन (पीएसएसआई) ने सोमवार को राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में शिन ताए-योंग का अनुबंध आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया। पीएसएसआई के अध्यक्ष एरिक थोहिर ने कहा कि एसोसिएशन को एक ऐसे कोच की जरूरत है जो सभी खिलाड़ियों द्वारा सहमत एक एकीकृत रणनीति को लागू कर सके और अधिक प्रभावी संचार को बढ़ावा दे सके। उन्होंने कहा,₹आज हम जो कर रहे हैं वह राष्ट्रीय टीम की भलाई के लिए है। थोहिर ने बताया कि शिन को बर्खास्त करने का फैसला कई कारकों को ध्यान में रखते हुए लंबे समय तक मूल्यांकन के बाद लिया गया। दिसंबर 2019 में पीएसएसआई के साथ अपना कार्यकाल शुरू करने वाले शिन ने इंडोनेशिया की विश्व रैंकिंग को 173वें से 127वें स्थान पर पहुँचाने में मदद की। 2026 फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफायर में, इंडोनेशिया वर्तमान में छह टीमों के समूह में छह मैचों में छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। 12 जनवरी को आधिकारिक तौर पर नए कोच की घोषणा की जाएगी।

### कोपा डेल रे के अंतिम-16 में पहुंचा रियल मैड्रिड



**मैड्रिड :** रियल मैड्रिड ने सोमवार को चौथे स्तर की टीम डेपोर्टिवा मिनेरा को 5-0 से हराकर कोपा डेल रे के अंतिम 16 में प्रवेश किया। रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने मैच के लिए अपनी लाइनअप में कई बदलाव किए, लेकिन उनकी टीम को एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई, जिसने पूरे खेल में सिर्फ.एक शॉट ही टारगेट पर लगाया, जबकि मैड्रिड के 21 शॉट टारगेट पर लगे। फेडरिको वाल्वरडे ने पांचवें मिनट में खराब डिफेंसिव क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए गोल दागा। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 13वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी, जब फ्रैन गार्सिया ने दो डिफेंडरों को चकमा देकर सटीक क्रॉस दिया, और अर्दा गुलर ने 28वें मिनट में एक लंबी दूरी के प्रयास से तीसरा गोल किया। हाफटाइम तक 3-0 से आगे चल रहे रियल मैड्रिड ने मिनेरा पर दबाव बनाए रखा। ब्रेक के 10 मिनट बाद लुका मोड्रिक ने ब्राहिम डियाज के पास को पूरा करते हुए चौथा गोल किया और गुलर ने मैच का अपना दूसरा और टीम का पांचवां गोल कर रियल मैड्रिड को जीत दिलाई। रियल मैड्रिड अब गुरुवार को स्पेनिश सुपर कप सेमीफाइनल में मल्लोर्का का सामना करने के लिए सऊदी अरब की यात्रा करेगा।

## एक नजर

### रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिसमें नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है वह इस कैलेंडर में दिखाई पड़ता है। प्रौद्योगिकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक विरासत, खिलाड़ियों, गरीब कल्याण, महिलाओं और गरीबों के लिए किये गये काम शामिल हैं।

### 27वीं असम पुलिस बटालियन ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दरंग (असम) :** 27वीं असम पुलिस बटालियन, खाजुआबील ने मंगलवार को दरंग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए एक निःशुल्क चिकित्सा और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना और उनकी सेवा के प्रति सराहना व्यक्त करना था।

### कटिहार के मनिहारी में उल्कापिंड का टुकड़ा गिरने से मचा हड़कंप

**कटिहार :** कटिहार के मनिहारी अनुमंडल अंतर्गत मनिहारी वार्ड संख्या सात में एक अजीब घटना घटी। बासुदेव सिंह के घर पर एक पत्थर गिरा, जिससे उनके घर में धुआं भर गया। यह घटना रविवार रात रात करीब 11 बजे की गया। सुबह जब बासुदेव सिंह ने अपने आंगन में देखा तो नारंगी रंग के अजीब पत्थर के टुकड़े बिखरे पड़े थे। मंगलवार को मीडिया को उक्त घटना की जानकारी देते हुए बासुदेव ने बताया कि पड़ोस के बच्चों ने उनमें से एक टुकड़ा खेलते हुए अपनी जेब में रखा, लेकिन अचानक वह टुकड़ा जल उठा, जिससे बच्चे की पैंट और जांघ का हिस्सा जल गया। बच्चे ने जैसे-तैसे पत्थर को जेब से बाहर निकाला, लेकिन इस प्रयास में उसकी उंगली भी झुलस गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पत्थर के सभी टुकड़ों को एकत्रित कर अलग रखा गया। कुछ समय बाद, पत्थर के सभी टुकड़ों ने अपने आप आग पकड़ ली। इसे देखकर परिवार और पड़ोस के लोग दहशत में आ गए।

### मायावती को दिल्ली चुनाव में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**लखनऊ :** चुनाव आयोग ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मंगलवार को चुनाव का ऐलान कर दिया। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि पार्टी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी और दमदारी के साथ अकेले लड़ेगी। उनको दिल्ली में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल एवं धनबल से दूर रहने वाले गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा।

# कांग्रेस महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करती है : दीपिका पांडेय

एजेंसी



**नई दिल्ली :** झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जुमले की नहीं, जरूरतमंदों की पार्टी है। जहां भी कांग्रेस या उसके गठबंधन वाली सरकार है, वह महिलाओं को केंद्र में रखते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। इस मामले में उन्होंने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और झारखंड का उदाहरण दिया। झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर देश को 'लाडली' शब्द से योजना देने वाली पहली मुख्यमंत्री शीला दीक्षित थीं। उन्होंने अपनी सरकार में यह सुनिश्चित किया था कि कोई भी बच्ची अगर अस्पताल में पैदा होती है, तो उसे सरकार की तरफ से 11 हजार रुपये और अगर अस्पताल में पैदा न हुई हो तो 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसी क्रम में उन्होंने 1 से लेकर 12वीं कक्षा तक लड़कियों की शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये देने का ऐलान किया था। पांडेय ने कहा कि शीला सरकार ने बुजुर्ग, दिव्यांग और एकल महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के लिए 600 रुपये से शुरू कर 1500 रुपये तक दिए थे। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश सरकार महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की सहयोग राशि दे रही है। कर्नाटक में भी कांग्रेस सरकार महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये दे रही है। तेलंगाना सरकार भी महिलाओं को स्वतंत्र करने के लिए, ट्रांसपोर्टेशन योजना और आवास दे रही है। उन्होंने दावा किया कि जहां भी कांग्रेस पार्टी और गठबंधन की सरकार है, वहां महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वादे करती हैं, उन्हें पूरा नहीं करती हैं। आआपा और भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बिहार, झारखंड यानि पूर्वांचल के लोग जब छठ पर्व पर यमुना तट पर जाते हैं तो पता चलता है कि हमारी आस्थाओं के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और दिल्ली में सत्तारूढ़ आआपा किस तरह खिलवाड़ कर रही हैं। मैली यमुना इसकी ताजा मिसाल है। यमुना दिल्ली में पहुंचते ही हजारों गुना अधिक प्रदूषित हो जाती है। दिल्ली आज कचरे के ढेर और वायु प्रदूषण की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा कि आआपा ने 10 साल में यहां विकास के नाम पर जनता को सिर्फ ठगा है। उन्होंने आआपा संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि वो वादों, आंकड़ों और बयानों की जादूगरी करते हैं। महिलाओं को आर्थिक संबल देने के मामले में आआपा ने पंजाब और दिल्ली में अब तक क्या किया है, वह सबको मालूम है। महिलाएं उनके वादों पर भरोसा कर अब अपने को ठगी महसूस कर रही हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जिस भी राज्य में चुनाव आते हैं, वहां भाजपा की ओर से बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं का मुद्दा जोरशोर से उठाया जाता है। चुनाव खत्म होने के बाद उनके लिए ये कोई मुद्दा नहीं रह जाता है।

# किसानों के लिए प्राकृतिक आपदा से बड़ी आप-दा हैं केजरीवाल : शिवराज सिंह

एजेंसी



**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से संवाद के अपने नियमित कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को दिल्ली में सफदरजंग रोड स्थित अपने निवास स्थान पर दिल्ली राज्य के किसान संगठनों, किसान प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आए किसान भाइयों-बहनों से चर्चा की। किसानों ने कृषि मंत्री को अनेक गंभीर समस्याएं बताईं। शिवराज सिंह ने कहा कि उन्हें पहले भी दिल्ली के किसानों ने समस्याएं बताईं थी, जिस पर उन्होंने तुरंत ही दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा था। चौहान ने कहा कि उन्होंने जवाब भी नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि भारत सरकार की किसान कल्याण की योजनाओं को आप दिल्ली के किसानों के लिए लागू करें। चौहान ने दुखी मन से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेकानेक योजनाओं का लाभ दिल्ली के किसानों को नहीं मिल रहा है। दिल्ली के किसानों के लिए प्राकृतिक आपदा से बड़ी आप-दा केजरीवाल हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्यों के माध्यम से ही योजनाएं लागू की जाती हैं, यह व्यवस्था की बात है। दिल्ली में किसान हित में व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए। दिल्ली में ट्रैक्टर भी कमर्शियल माना जाता है, रजिस्ट्रेशन का ज्यादा पैसा लगता है, यहां गंदे पानी में फसल बर्बाद होती है। यहां सोलर पंप योजना लागू नहीं है, फसल बीमा योजना लागू नहीं है। इस कारण दिल्ली राज्य के किसान बहुत परेशान है। शिवराज सिंह ने दिल्ली सरकार से कहा कि आप प्रस्ताव भेजो, पैसा ले जाओ और किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाओ। केंद्र सरकार ने बागवानी विकास मिशन लागू कर रखा है, जिसमें किसानों को बीज-खाद, कृषि यंत्रों, पाली हाउस, ग्रीन हाउस आदि पर सब्सिडी मिलती है, जो केंद्र सरकार देती है राज्य सरकार के माध्यम से, लेकिन दिल्ली सरकार ने लागू नहीं किया है।

### बिधूड़ी के बयान पर सियासी बवाल, गहलोत ने भाजपा की चुप्पी पर उठाए सवाल

**जयपुर :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कालकाजी सीट से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी और दिल्ली की नेता आतिशी मार्लेना को लेकर विवादित टिप्पणी की है। उनके इस बयान पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव प्रचार के दौरान वायरल हुए एक वीडियो में बिधूड़ी ने कहा कि लालू यादव ने कहा था कि बिहार की सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसी बना देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कालकाजी में सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। उनकी इस टिप्पणी पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध जताया है।

## देश की अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एनएसओ




एजेंसी

**नई दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसमें बताया गया है कि वास्तविक जीडीपी इस वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अस्थायी अनुमान 8.2 फीसदी रहने की बात कही गई है। ऐसे में जीडीपी ग्रोथ बीते चार साल में पहली बार 7 फीसदी से नीचे आ सकती है। एनएसओ का चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुमान से कम है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में देश की जीडीपी 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2022-23 से सालाना ग्रोथ रेट 7 फीसदी से ऊपर ही बनी हुई है। एनएसओ की वृद्धि दर का यह अनुमान पिछले वित्त वर्ष की विकास दर की तुलना में काफी कम है।

## एचएमपीवी कोई नई बीमारी नहीं, इससे डरने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी



**मुंबई :** मानव मेटा न्यूमो वायरस कोई नई बीमारी नहीं है। आमतौर पर एक हल्की बीमारी है। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। इस बीमारी के मद्देनजर सभी जिलों को सावधान और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा लोगों को स्वच्छता के बुनियादी नियमों का पालन करना चाहिए ताकि श्वसन संक्रमण को नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार की दिशा और मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबिटकर ने मंगलवार को मंत्रालय में संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य सरकार के सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। नागपुर में जिन दो बच्चों में इस तरह का वायरस मिला है, उसकी पुणे की प्रयोगशाला में जांच की जा रही है। सहायक उपचार का इलाज लक्षणों के साथ किया जाता है। एंटीबायोटिक्स इस बीमारी पर अनावश्यक हैं और कोई एंटीवायरल दवाएं नहीं हैं। साथ ही डॉक्टर की सलाह के बिना दवा नहीं ली जानी चाहिए। प्रकाश आंबिटकर ने बताया कि यह एक मौसमी बीमारी है, जो आमतौर पर आरएसवी और फ्लू की तरह सर्दियों और वसंत की शुरुआत में होती है। किसी को भी इस बीमारी के बारे में अफवाहें नहीं फैलाना चाहिए। नागरिकों को तथ्यों के मद्देनजर अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। छोटे बच्चों, वृद्ध, बीमार रोगियों का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

# कोयला खदान हादसा : 10 मजदूर बचाए गए, 11 अभी भी फंसे, बचाव अभियान जारी

एजेंसी



**गुवाहाटी :** राज्य के उमरंगसू इलाके के कलामाटी में कोयला खदान में फंसे 10 मजदूरों को जिंदा बचा लिया गया है। खदान में अभी 11 मजदूरों के फंसे होने की सूचना है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , भारतीय सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और असम राइफल्स के जवान खदान में फंसे इन मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान चला रहे हैं। इसी बीच प्रशासन ने अब खदान में फंसे 11 में से 9 मजदूरों की शिनाख्त कर ली है। दरअसल, असम के पहाड़ी जिला डिमा हसाओ के उमरांगसू से 25 किमी दूर असम-मेघालय के सीमावर्ती इलाके में सोमवार की सुबह एक कोयला खदान में पानी भर जाने से कई मजदूर फंस गए थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की प्रथम वाहिनी के जवान बचाव अभियान में जुट गया। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और भारतीय सेना के जवान भी जुटे हैं। बताया गया है कि सहायता के लिए विशाखापत्तनम से नौसेना के गहरे गोताखोरों को बुलाया गया है। भारतीय सेना ने बाढ़ग्रस्त खदान के अंदर खतरनाक परिस्थितियों से निपटने के लिए 32 असम राइफल्स पाथफाइंडर यूनिट और पैरा गोताखोरों सहित विशेष टीमों को भी तैनात किया है। कोयला खनन सुरंग में जल स्तर असामान्य रूप से बढ़ने से बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आ रही हैं। इस बीच पानी के ऊपर कुछ हैलमेट तैरते नजर आए। इस बचाव दल ने खदान में फंसे 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया है। खदान में अभी भी 11 श्रमिक फंसे हुए हैं। इसी बीच लगभग 300 फीट गहरी कोयला खदान में फंसे नौ खनिकों की पहचान प्रशासन ने की है। जिसमें गंगा बहादुर छेत्री (38), हुसैन अली (30), जाकिर हुसैन (38), सरपा बर्मन (46), मुस्तफा शेख (44), खुशीमोहन राय (57), संजीत सरकार (37), लिजोन मगर (26) और सरत ग्यारी (37) शामिल हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के निर्देश पर जिला आयुक्त सीमांत कुमार दास, पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार झा और मंत्री कौशिक राय पहले ही घटनास्थल पर हैं। इन अधिकारियों की देखरेख में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम बटालियन के कमांडेंट एचपीएस कंडारी घटनास्थल पर बचाव प्रयासों की निगरानी करने के लिए पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक अभियान जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

**नई दिल्ली :** भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी। दरअसल, यह सुरक्षा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अगस्त 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम की भारत यात्रा का परिणाम है। इस यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया तथा दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम पहली बार भारत यात्रा पर आए थे। उस समय तब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मिले थे, तब उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की। मोदी-इब्राहिम वार्ता का मुख्य फोकस व्यापार और निवेश का विस्तार करना और नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग तलाशना था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था हमने तय किया है कि भारत-मलेशिया साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं।

### विचाराधीन कैदियों को राहत देने के लिए केंद्र ने राज्यों को लिखा पत्र



**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 479 का पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत विचाराधीन कैदियों को राहत दी जा सकती है। जिसका उद्देश्य मुकदमे की प्रतीक्षा के दौरान जेल में बंद लोगों की संख्या को कम करना है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1 जनवरी को राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जेल अधिकारियों को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 का पालन करने के लिए कहा है। इस धारा के तहत ऐसे विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाता है, जिन्होंने अपनी संभावित सजा का एक हिस्सा पूरा कर लिया है। पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को उनकी अधिकतम संभावित सजा का एक तिहाई हिस्सा पूरा करने के बाद जमानत पर रिहा किया जा सकता है। अन्य विचाराधीन कैदी अपनी संभावित अधिकतम सजा का आधा हिस्सा पूरा करने के बाद जमानत के पात्र हैं। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा, यह दोहराया जाता है कि बीएनएसएस की धारा 479 के प्रावधान विचाराधीन कैदियों की लंबी हिरासत को कम करने और जेलों में भीड़भाड़ के मुद्दे को भी हल कर सकते हैं। इसलिए, यह उम्मीद की जाती है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस मामले में सहयोग करेंगे और संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और गृह मंत्रालय को वांछित जानकारी देने के लिए सलाह देंगे। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने इस कानून के क्रियान्वयन पर जोर दिया है। पिछले साल अक्टूबर को एक एडवाइजरी जारी की गई थी और नवंबर में एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। इस कानून में यह भी प्रावधान है कि जेल अधीक्षक पात्र कैदियों की रिहाई के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं।

### पाकिस्तान का 91 सदस्यीय जायरीन जत्था अजमेर पहुंचा




**अजमेर :** पूरी दुनिया में भाईचारे, इंसानियत और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए विख्यात राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स में शामिल होने 91 सदस्यीय पाकिस्तानी जायरीन जत्था आज मध्य रात्रि करीब सवा तीन बजे अजमेर पहुंचा। यहां रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व निगरानी के बीच जत्थे को रोडवेज बस में बिठा कर उनके अस्थाई आवास सेंट्रल गर्ल्स स्कूल प्रांगण में बने विश्राम स्थल पर छोड़ा गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के अंदर व बाहर पुलिस, सीआईडी, रेलवे सुरक्षा बल और विभिन्न एजेंसियों के सुरक्षा अधिकारियों का भारी भरकम जमावड़ा रहा। पाकिस्तानी जायरीन ने अजमेर स्टेशन पर उतरते ही अजमेर की धरती को चूमा और आंखों में खुशी के आंसुओं के साथ ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के प्रति शुक्रिया अदा किया कि वे आज इस पाक स्थल पर उनके समक्ष अपनी अकीदत का इजहार करने पहुंच पाए। हालांकि मीडिया को पाक जायरीन से दूर रखा गया किन्तु मीडिया की ओर से पूछे गए सवाल पर उन्होंने अपनी भावना साझा करते हुए कहा कि भारत सरकार की ओर से उन्हें अजमेर शरीफ तक पहुंचाने के लिए किए गए इंतजामों से वे प्रसन्न हैं। पाक जायरीन ने कहा कि दोनों मुल्क एक ही होने चाहिए। उन्होंने दोनों मुल्कों के बीच प्रेम, भाईचारा और सौहार्द कायम बने रहने की कामना की।

### पाकिस्तान से 'बाल सैनिक' के रूप में युद्ध लड़ने वाले हवलदार बलदेव सिंह का निधन

**नई दिल्ली :** देश के बंटवारे के समय 1947-48 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में 'बाल सैनिक' के रूप में शामिल होने वाले योद्धा 93 वर्षीय हवलदार बलदेव सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंक के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और 2021 में नरेन्द्र मोदी ने उन्हें सम्मानित किया था। पाकिस्तान के खिलाफ चार युद्ध लड़ने वाले वयोवृद्ध सैनिक हवलदार बलदेव सिंह का 93 वर्ष की उम्र में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के गृहनगर नौशेरा में सोमवार को उनके आवास पर निधन हो गया। पाकिस्तान के साथ युद्ध के इस महान नायक का जन्म नौनिहाल गांव में 27 सितंबर, 1931 को हुआ था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने 1947-48 में नौशेरा और झंगर की लड़ाई के दौरान 50 पैरा ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व में बाल सेना बल में शामिल होकर स्वेच्छा से काम किया था। बाल सेना 12 से 16 वर्ष की आयु के स्थानीय लड़कों का एक समूह था, जो पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारतीय सेना के लिए 'डिस्पैच रनर' के रूप में काम करता था। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने युद्ध में शामिल होने वाले बाल सैनिकों में बलदेव सिंह को सम्मानित किया था। बाल सैनिक के रूप में भाग लेने के बाद वह 14 नवंबर, 1950 को भारतीय सेना में शामिल हो गए और 29 वर्षों तक वीरता के साथ सेवा की।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशन्स एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902